## एक नजर

### उधारी मांगने पर मारपीट में फटा सिर

**रूरा।** थाना क्षेत्र के जौहर गांव में उधारी मांगने पर युवक का सिर फोड़ दिया। पीड़िता रश्मि मिश्रा ने बताया कि उसके पति गौरव मिश्रा अपने उधारी के पांच हजार रुपये मांगने पड़ोस के पिंटू शुक्ला के यहां गए थे। आरोप है कि पिंटू शुक्ला ने पैसे न देकर मारपीट कर दी। जिससे उसके पति का सिर फट गया। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने बाइक चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुखरायां कस्बा के सुभाष नगर निवासी रणजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती 18 मार्च की रात्रि को उसकी बाइक चोर पार कर ले गए। सुबह जगने पर उसे जानकारी हुई। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक पर एससी, एसटी व मारपीट का केस दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के मुड़ेरा निवासी युवक ने पड़ोसी गांव के एक युवक पर एससीएसटी व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुड़ेरा विक्रम सिंह गांव निवासी मंगल कठेरिया ने पुलिस को बताया कि वह अपनी फसल देखने खेत पर गया था। तभी पड़ोस के गांव रायपुरवा का शिशुपाल उर्फ खग्गा यादव उसकी फसल में अपने जानवर चराते मिला। मना करने पर उक्त व्यक्ति ने उसे जातिसूचक गलियां देते हुए मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गया। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### घर से लाखों के जेवरात चोरी

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के लौवा का पुरवा गांव निवासी लक्ष्मी देवी ने बुधवार को थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते मंगलवार को वह जरूरी काम से कानपुर गई थी। उसके पति शिवपाल खेत की तरफ गए हुए थे। वापस आने पर देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। बताया कि चोरों ने घर में रखे 1.60 लाख रुपये के पुत्री की शादी के लिए रखे जेवरात पार कर दिए हैं।

### मंदिर में सुंदरकांड पाठ

**मूसानगर।** थाना परिसर में बने भगवान शिव व हनुमान मंदिर में नवागत थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने मंगलवार की देर रात हवन-पूजन कर सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ कराया। पाठ समापन के बाद भजन हुआ।

# 1825 स्थानों पर जलेगी होलिका, पुलिस-प्रशासन सतर्क

## डीएम व एसपी ने की जिलास्तरीय पीस कमेटी की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



पीस कमेटी की बैठक करते डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव, रमजान, होली व अन्य त्योहारों को लेकर पुलिस व प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना है। जनपद में कुल 1825 स्थानों पर होलिका दहन होगा। डीएम व एसपी ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार कक्ष में अपराध नियंत्रण, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सभी धर्मगुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक की।

बुधवार को बैठक में डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने सभी से उनकी समस्याओं को सुनकर समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। एडीएम प्रशासन ने अवगत कराया कि तहसील व थाना स्तर पर पीस कमेटी की बैठक की जा चुकी है, जिसमें मिली शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। डीएम ने कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में सभी सभ्रांत लोग व धर्म गुरू अपनी गतिविधियां आयोग के दिए निर्देशों के अनुरूप संचालित करें। उन्होंने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील स्थलों का लगातार भ्रमण करें और शिकायतों का संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दृष्टिगत रोस्टर के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। स्थानीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल आदि की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए डीपीआरओ व निकाय ईओ को निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल का उपयोग चुनावी भाषण के लिए नहीं किया जाएगा। अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी थानों में अग्निशमन यंत्रों को पूरी तैयारी के साथ तैनात रखें। जिससे किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल नियंत्रण किया जा सके। एसपी ने कहा कि सभी बीट आरक्षी अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहेंगे। सभी एसओ को निर्देशित किया कि अपने थाने के त्योहार रजिस्टर का अध्ययन कर लें। यदि पूर्व में किसी स्थान पर कोई अप्रिय घटना घटी हो तो वहां पर विशेष सर्तकता बरतें। इस मौके पर एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम न्यायिक अमित राठौर, एएसपी राजेश पांडेय, सभी एसडीए, सीओ, धर्मगुरू व संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

### मंगलपुर क्षेत्र में होलिका दहन स्थलों की मांगी सूची

**मंगलपुर।** थाना परिसर में होली को लेकर बुधवार को डेरापुर तहसीलदार रणविजय सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान विभिन्न धार्मिक संगठन व समितियों को क्षेत्र में होने वाले होलिका दहन कार्यक्रमों की विधिवत सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा गया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह बताया कि किसी भी तरह से कानून का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



मंगलपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग।

# एप पर करें आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू कराने में निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतदाता भी मोबाइल एप की मदद से राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार पर नजर रखेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह के मुताबिक मतदाता अपने मोबाइल से सी विजिल एप डाउनलोड कर आसपास की फोटो अपलोड कर राजनीतिक दलों की होर्डिंग, बैनर, वॉल पेंटिंग व अनाधिकृत रूप से चल रही चुनावी जनसभाओं पर सूचना देकर रोक लगवा सकते हैं। यह एप निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किया गया है, जो पूरी तरह से निशुल्क है।

वोटर अपने मोबाइल एप से सीधे निर्वाचन आयोग को फोटो और दो मिनट का वीडियो भेजकर आदर्श आचार संहिता लागू कराने में सहयोग कर सकते हैं।

### जिले के 19 स्थानों पर लगेंगे बैरियर व 32 पुलिस पिकेट

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले के 19 स्थानों पर बैरियर लगाए जाएंगे। साथ ही 32 स्थानों पर पुलिस पिकेट रहेगी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल सात शस्त्र दुकानें व 12394 शस्त्र धारक हैं। पुलिस ने चुनाव को देखते हुए लाइसेंस जमा कराए हैं। वहीं जिले भर में 802 हिस्ट्रीशीटर चिंहित किए गए हैं। एसपी ने बताया कि बाहर से आने वाले फोर्स के 89 जगहों पर ठहराने की व्यवस्था की गई है। जहां पर व्यवस्थाओं को दुरस्त करा दिया गया है। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए पर्याप्त फोर्स की मांग की गई है।

# अत्याचार खत्म करने के लिए अवतार लेते प्रभु

संवाददाता, पुखरायां

- वृंदावन से आई कथावाचिका पूजा देवी किशोरी ने पुखरायां में सुनाई कथा

**अमृत विचार।** अत्याचार ज्यादा बढ़ता है तो भगवान अवतरित होकर प्रजा का कष्ट दूर करते हैं। यह बात श्रीधाम वृंदावन से आई कथावाचिका पूजा देवी किशोरी बुधवार को मंडी श्याम नगर पुखरायां में श्रीमद्भागवत के दौरान कृष्ण अवतार लीला की कथा सुनाते हुए कही।



पूजा देवी किशोरी।

उन्होंने कहा कि एक बार विश्वामित्र राजा हरिश्चंद्र के पास भिक्षा के लिए गए और उन्होंने सब कुछ मांग लिया। अंत में राजा हरिश्चंद्र को अपनी पत्नी मां व बेटे को भी बेचना पड़ा। विश्वामित्र ने राजा हरिश्चंद्र की परीक्षा ली थी और वह सफल हुए। जब सत्यवादी की बात आती है तो राजा हरिश्चंद्र का नाम प्रथम पंक्ति में आता है। सत्य की रक्षा करते हुए उन्होंने एक मर्यादा स्थापित की। श्रीकृष्ण अवतार की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस ने अपनी बहन देवकी की शादी वासुदेव के साथ की। बहन देवकी को रथ पर लेकर विदा करने जा रहा था। तभी आकाशवाणी हुई कि देवकी का पुत्र उसका काल होगा। वासुदेव जी श्रीकृष्ण को लेकर यमुना पार गोकुल में नंद बाबा के यहां छोड़ आए।

# अनियंत्रित होकर बाइक नाले में गिरी सवार की मौत

**रूरा।** अमरोहिया से माती जा रहा बाइक सवार काशीपुर गांव के बाहर अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरे। बाइक सवार की मौत हो गई।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अमरोहिया गांव निवासी हिमांशू ने बताया कि उसके पिता उदयभान सिंह (55) निजी काम से बाइक में बैठकर माती जा रहे थे। तभी रूरा थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। जिससे उदयभान की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और जानकारी थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने मौके पर जाकर छानबीन की और फॉरेंसिंक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। जानकारी पर मृतक की पत्नी गायत्री, पुत्र हिमांशू, सत्यम आदि का रो-रो कर बुरा हाल है।

# दहेज हत्या में दोषी पति को सात साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- साक्ष्य के अभाव में अदालत ने चार आरोपी किए दोष मुक्त

**अमृत विचार।** भोगनीपुर क्षेत्र के पुखरायां कस्बे के कृष्णानगर में करीब साढ़े बारह साल पहले संदिग्ध हालात में एक विवाहिता की मौत पर पिता ने पति सहित सभी ससुरालियों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को मामले में अपर जिला जज पंचम की अदालत ने पति को दहेज हत्या का दोषी पाते हुए सात साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वहीं अन्य चार आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार कटियार ने बताया कि भोगनीपुर क्षेत्र के कपरियान मोहल्ला इंद्रानगर निवासी प्रभूदयाल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी पुत्री संजना उर्फ मिंटू की शादी पुखरायां कस्बे के कृष्णानगर निवासी मनोज के साथ हुई थी। शादी में उसने साढ़े तीन लाख रुपये नगद, बाइक व अन्य सामान दान-दहेज में मनोज और उसके परिजनों को दिया था। इसके बावजूद सभी अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये व पल्सर बाइक की मांग कर पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे। दो जुलाई 2011 की रात उसकी पुत्री ने फोन पर अतिरिक्त दहेज के लिए पति मनोज, ससुर ओमप्रकाश, सास श्यामा देवी, ननद किरन व देवर प्रदीप द्वारा उससे मारपीट करने की जानकारी दी गई थी। जिसपर उसने अपने पुत्र धर्मेंद्र को पुत्री की ससुराल भेजा तो दरवाजे से मनोज ने उसे धमकाकर भगा दिया। उसने अपनी पुत्री को कई बार फोन किया, जिसका जवाब न मिलने पर सुबह वह अपनी पुत्री की ससुराल गया तो पुत्री की लाश आंगन में पड़ी थी। सभी ससुराली मौके से नदारत थे। पुलिस ने मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम दुर्गेश ने की।

## सार-संक्षेप



डेरापुर थाने में पीस कमेटी की बैठक करतीं एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

### परिवार समेत निर्भीक होकर करें मतदान

**संदलपुर।** डेरापुर थाना परिसर में बुधवार को लोकसभा चुनाव, रमजान व होली पर्व को लेकर संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम भूमिका यादव व सीओ शिव ठाकुर ने कहा कि सभी लोग होली का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण तरीके से मनाएं। जुआ-शराब आदि बुराईयों से बचें। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें। अशांति उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं चुनाव के दौरान अपने परिवार समेत निर्भीक होकर मतदान करें। किसी प्रकार के प्रलोभन में न आएं। इस मौके पर थाना प्रभारी अनिल कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर अब्दुल कलाम, एसआई रामवीर सिंह, एसआई राहुल कुमार, एसआई अमरेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



दुकान से नमूना लेते अधिकारी। अमृत विचार

### कचरी-पापड़, बेसन-मैदा के लिए आठ नमूने

**कानपुर देहात।** होली पर्व पर खोया, पनीर व विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स, बेसन, मैदा, नमकीन, खाद्य तेल आदि में मिवालट को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारियों ने जिलेभर में अभियान चलाया। इस दौरान कई दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। बुधवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित के नेतृत्व में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुबोध कुमार ने पुखरायां में कारोबारी सर्वेश कुमार की दुकान से कुट्टू का आटा व रायपुर में कारोबारी ओमप्रकाश पाल के यहां से मैदा का नमूना लिया। अनुराग सिंह ने चिलौली स्थित भट्ठी संचालक आदित्य कुमार बाजपेई के यहां से से खोया का नमूना संग्रहीत किया। खाद्य अधिकारी रूचि बाजपेई ने पुखरायां स्थित होटल खुशी प्लाजा से अरहर दाल व कारोबारी सर्वेश कुमार के यहां से सौंफ, राम बिहारी ने रायपुर में कारोबारी ओम प्रकाश पाल के यहां से पनीर का नमूना संग्रहीत किया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दुकानों से लिए गए कुल आठ नमूनें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी की बकरियों समेत आरोपी गिरफ्तार

**मूसानगर।** बकरियां चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। नयापुरवा गांव के कमलेश ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि बीते मंगलवार को सुबह उसके घर के बगल में बंधी दो बकरी व एक बकरा की रस्सी काट कर मूसानगर कस्बा के छिपैठी मोहल्ला निवासी निजाम चोरी कर ले गया है। उसने नवंबर 2023 में भी रस्सी काट कर एक बकरा चोरी किया था। मामले में एसआई मोहित वर्मा व कांस्टेबल अशोक कुमार ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त निजाम को चोरी के दो बकरी व एक बकरा सहित भोगनीपुर से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि बकरियों को उनके मालिक के सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में निष्क्रिय 49 सर्वेयरों का रोका गया वेतन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अकबरपुर तहसील में सबसे अधिक अक्रियाशील 28 सर्वेयर, मचा हड़कंप

**अमृत विचार।** डिजिटल क्रॉप सर्वे (ई-खसरा पड़ताल) के कार्य की एडीएम वित्त एवं राजस्व ने समीक्षा की। उन्होंने उपजिलाधिकारियों से सर्वे कार्य में लगे सर्वेयर के उपस्थिति के संबंध में आख्या ली। अकबरपुर, सिकंदरा, डेरापुर व मैथा तहसीलों में 49 अक्रियाशील सर्वेयर पाए जाने पर उनका एक दिन का वेतन रोका गया है।

एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्त ने डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा के दौरान पाया कि सभी तहसीलों में सर्वेयर बिना सूचना या तो अनुपस्थित रहते हैं या फिर अक्रियाशील हैं। डीएम आलोक सिंह के निर्देश पर एडीएम ने अकबरपुर तहसील के अंतर्गत राजस्व विभाग के इनएक्टिव सर्वेयर रीतेश तिवारी, कोमल मिश्रा, कृषि विभाग से बृजेश सिंह, शिवमंगल सिंह, विजय कटियार, प्रवीन प्रताप सिंह, अजीत कुमार, जगत सिंह, रमाशंकर, प्रीती देवी, अल्का सिंह, प्रियंका शुक्ला, रिचा, रश्मी यादव, मोहित पाल, संध्या, नीती यादव, लवली, संदीपा, शालिनी कुशवाहा, आशीष कुमार, दीपमाला, सृष्टि सिंह, जितेंद्र सिंह, आसिमा सिंह, सीमा पाल, सोनम देवी, श्रेया सिंह का एक दिन का वेतन/मानदेय काटा है। इसी तरह सिकंदरा तहसील में राजस्व विभाग से शानू शुक्ला, कृषि विभाग से आलोक कुमार, मैथा तहसील में राजस्व विभाग से अर्पित श्रीवास्तव, मोहित कुमार, अटल कुमार, राजन सिंह, कृषि विभाग से प्रमेश कुमार, रामलखन, डेरापुर तहसील अंतर्गत राजस्व विभाग से ज्ञानेंद्र सिंह, प्रवींद्र कुमार, कृषि विभाग से शैलेंद्र कश्यप, दीक्षा यादव, कमलेश कुमार, शिवा यादव, रंजना देवी, आयुषी गुप्ता, कुलदीप सिंह, नितिन कुमार, सचिन कुमार, अमित कुमार, आस्था का एक दिन का वेतन रोका गया है।

# कार से दस पेटी शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, मूसानगर

- पकड़े गए तीनों आरोपी जनपद आगरा के रहने वाले

**अमृत विचार।** थाना पुलिस ने घाटमपुर की ओर से जनपद में कार से लाई जा रही दस पेटियों में 450 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

मूसानगर थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम, एसआई बिंदा प्रसाद व प्रभाकर यादव पुलिस बल के साथ मंगलवार देर रात लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि लाल रंग की कार घाटमपुर से मूसानगर आ रही है। जिसमें देशी शराब लदी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ बिबियापुर मोड़ पर तैनात होकर मुखबिर की बताई गई कार को रोक कर तलाशी ली। जिसपर तीन लोग बैठे मिले और डिग्गी से दस पेटियों में 450 क्वार्टर ट्वीन टावर देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम आरिफ निवासी मुहल्ला नयाबास बकरा घाटी थाना फतेहपुर सीकरी जिला आगरा, बाबूलाल उर्फ शमशेर निवासी श्याम जानकी धर्मकांटा थाना 37/22 सय्यदपडा थाना लोहा मंडी आगरा व शहवान निवासी मुहल्ला शेख रहीम थाना फतेहपुर सीकरी जिला आगरा बताया है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि तीनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**आयोजन** बेला रोड स्थित गेस्ट हाउस में सपा नेता ने दी पार्टी

# इफ्तार पार्टी में केरल के हाजी शिहाब ने की शिरकत

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केरल के हाजी शिहाब पहुंचे।

बुधवार को बेला रोड पर स्थित एक गेस्ट हाउस में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। जिसमें समाजवादी पार्टी के कई बड़े नेता सहित कस्बा के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान हाजी शिहाब को देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह था। रोजा इफ्तार के बाद सभी ने मुल्क के अमन चैन के लिए दुआ की। इस दौरान हाजी शिहाब ने कहा कि 8640 किमी के पैदल रास्ते में लोगों ने बहुत प्यार दिया। नेक नीयत से काम करने पर मंजिल आसान हो जाती है।

वहीं सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान ने कहा कि रमजान का महीना हमें आपसी मोहब्बत व इखलाक का पैगाम देता है। इस मौके पर युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी, जिलाध्यक्ष अरुण यादव बबलू राजा, पवन कटियार, वीरसेन यादव, पुष्पेंद्र यादव, गोपाल गुप्ता, विजय गुप्ता, विजय मिश्रा, संदीप मिश्रा, बृजेश त्रिपाठी, शरद द्विवेदी, सुरेश गुप्ता, हाशिम खान, सुहैल अहमद, चांद बाबू, मो. अदनान, सौरभ पठान, रुबीना कुरैशी, एहतिशाम खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



रोजा इफ्तार पार्टी में मौजूद केरल के हाजी शिहाब, सपा नेता हाजी फैजान खान व अन्य। अमृत विचार

### आचार संहिता उल्लंघन में दस पर रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** रोजा इफ्तार पार्टी में भीड़ बढ़ता देख गाड़ी द्वारा मेहमान को घर की ओर ले गए। इस दौरान नारेबाजी भी कर दी। आयोजक सपा नेता सहित दस नामजद व सौ अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज हुई।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। मलवां पुलिस ने बरौरा गांव निवासी बाबू पुत्र हरछटी के खिलाफ मारपीट समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपित फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### दीवार गिरने से महिला घायल

बिंदकी। जाफरगंज थाने के लालपुर दरौटा निवासी पथवारी लाल की पत्नी शिव देवी घर के अंदर सो रही थी। बुधवार की सुबह कोठरी की दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। जिसमे महिला दब गई। जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला। परिजनों ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### युवक को मारपीट कर मोबाइल लूटा

बिंदकी। बाजार से घर जा रहे युवक को अज्ञात बाइक सवारों ने लिफ्ट देने के बहाने बाइक में बैठाकर माइनर के पास मारपीट की और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। होश आने के बाद युवक बदहवास हालत में अपने साढ़ू के घर पहुंचा और जानकारी दी। मामले की तहरीर पीड़ित ने पुलिस को दी है।

# परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं शुरू हुईं, कोई फेल नहीं होगा

## 27 मार्च तक संपन्न कराई जानी हैं परीक्षाएं, निगरानी भी खूब

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर




● जिले में करीब 2.5 लाख बच्चे हैं पंजीकृत

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी परिषदीय विद्यालयों में बुधवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गईं। होली की छुट्टी को निकाल कर 27 मार्च तक परीक्षाओं को पूरा करा लिया जाएगा। कक्षा एक से कक्षा आठ तक की यह परीक्षाएं दो पालियों में कराई जा रही है। बुधवार को सभी विद्यालयों में निर्धारित समय पर परीक्षाएं कराई गई। हालांकि आधी-अधूरी पढ़ाई के साथ बच्चे परीक्षा दे रहे हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की ड्यूटी यूपी बोर्ड परीक्षाओं में लगाई गई थी। बोर्ड परीक्षा कराने में जुटे शिक्षक अपने विद्यालय में पढ़ाने के लिए कैसे जाते। इसके साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी लगातार जारी है। शिक्षक बीआरसी व डायट में जाकर प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसका भी असर पढ़ाई पर पड़ा है। सर्दियों में अवकाश रहा और एक महीने बोर्ड परीक्षा व प्रशिक्षण के कारण कक्षाएं नहीं लग सकीं। अब इसी अव्यवस्था के बीच में वार्षिक परीक्षाएं कराई जा रही हैं। परीक्षा के लिए सभी विद्यालयों में करीब 2.5 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

### कक्षा एक की मौखिक परीक्षा

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में जो वार्षिक परीक्षाएं कराई जा रही हैं। उनमें कक्षा एक की परीक्षा मौखिक आधार पर कराई जा रही है। जबकि अन्य कक्षाओं की परीक्षाएं लिखित कराई जा रही हैं। परीक्षाएं दो पालियों में सम्पन्न कराने की व्यवस्था है।

### परीक्षा में भी मस्ती वाला मूड

नई शिक्षा नीति में जो व्यवस्था की गई है, उसके अनुसार कक्षा एक से कक्षा आठ तक किसी भी छात्र को फेल न किए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके अनुरूप कक्षा आठ तक के किसी भी छात्र-छात्रा को फेल नहीं किया जा सकेगा। यही कारण है बच्चे भी परीक्षा को लेकर बहुत गम्भीर नहीं रहते हैं।

# गौरैया संरक्षण दिवस पर बांटा गया कृत्रिम घोसला

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

● युवा विकास समिति के पदाधिकारियों ने किया वितरण

**अमृत विचार।** गौरैय्या संरक्षण दिवस पर चौडगरा कस्बे में युवा विकास समिति द्वारा कृत्रिम घोंषला वितरित किए गए। साथ ही सभी से अपील की गई कि गौरैया संरक्षण में आगे आएं।

युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, जिला प्रवक्ता आलोक गौड़, भाकियू नेता बबलू सिंह, अधिवक्ता सुशील कुमार, मुकेश कुमार ने अभियान चलाकर आसपास खास थीम को आई लव स्पैरो मेरी प्यारी सोन चिरैया गौरैया के साथ पक्षियों के बचाव के लिए प्रेरित किया। ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा गौरैया आपके घर में घोंसला बनाए तो उसे हटाएं नहीं। रोजाना आंगन, खिड़की बाहरी दीवारों पर दाना पानी रखें। गर्मियों में गौरैया के लिए पानी रखें। जूते के डिब्बे, प्लास्टिक की बड़ी बोतलें और मटकी को टांगे, जिसमें वह घोंसला बना सकें। बाजार से कृत्रिम घोंसले लाकर रख सकते हैं। घरों में धान बाजरा की बालियां लटका कर रखें। जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने कालातीत हो चुकी गौरैया की मीठी कहानियों को याद करते हुए उसको फिर से बुलाने के उपाय सुझाए। घर की छतों पर पक्षियों को पीने का पानी और भोजन उपलब्ध कराने के लिए कटोरे रखने की अपील किया। समिति ने चौडगरा पुलिस चौकी में घोंसले वितरित किए हैं।




कृत्रिम घोसला वितरित करते युवा विकास समिति के लोग। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सहोदया स्कूल ग्रुप के अध्यक्ष बने प्रमोद त्रिपाठी

फतेहपुर। सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संगठन की एक बैठक बुधवार को महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुई। जिसमें स्कूल संगठन सहोदया स्कूल ग्रुप की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से महर्षि विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी को अध्यक्ष पद पर चयनित किया गया। वहीं नितिन तिवारी को सचिव तथा मदर सुहाग एजुकेशन सेन्टर के प्रधानाचार्य डीके श्रीवास्तव व डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सुषमा शर्मा को संयुक्त रूप से समन्वयक पद पर चयनित किया गया। वहीं सेन्टमेरी स्कूल की प्रधानाचार्या नीना जैकब को मेन्टर नामित किया गया। इस अवसर पर सचिव नितिन तिवारी ने पूरे वर्ष आयोजित होने वाली अन्तरविद्यालय गतिविधियों व कार्यकमों की रूप रेखा प्रस्तुत की। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने सीबीएसई से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्यों ने प्रस्तुत प्रस्तावों का अनुमोदन किया। सहोदया अध्यक्ष ने सभी प्रधानाचार्यों को सहोदया का सदस्यता प्रमाण-पत्र एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने वाली महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह की पत्रिका, ज्ञान की प्रतियां भेंट की। इस मौके पर चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. पदमालया दास चौधरी, सेन्ट जेवियर्स हाईस्कूल की प्रधानाचार्या प्रियंका गुप्ता, नूरूल हुदा स्कूल के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह, सन्दीपनी स्कूल के प्रधानाचार्य जेके सिंह, ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रखर शुक्ला, आरजी चिल्ड्रेन स्कूल की प्रधानाचार्या सुनीता गुप्ता, सागर कान्वेन्ट स्कूल की प्रधानाचार्या शोभना मिश्रा, पुलिस मार्डन स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा शुक्ला, उमेश योगेश पब्लिक स्कूल खागा के प्रधानाचार्य अमित मिश्रा एवं एपीएस खागा के प्रधानाचार्य राहुल सिंह आदि सम्बंधित मौजूद रहे।

### मनाया गया वीरांगना अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर उनकी सिविल लाइन स्थित उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद वीरांगना अवंती बाई लोधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए नगर अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी ने बताया कि वीरांगना ने रानी दुर्गावती का अनुसरण करते हुए अंग्रेजों से युद्ध करते-करते अपने आप को दुश्मन से घिरा देखकर अपने ही अंगरक्षक की तलवार लेकर अपने सीने मे भोंक लिया एवं देश के लिए बलिदान हो गई। 20 मार्च 1858 को हुए रानी के बलिदान के पूर्व 1857 की क्रांति की प्रमुख सूत्रधार भी रानी रही। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, राजू, पुत्तू लाल, श्याम सिंह, विनोद सिंह चंदेल, बलराम सिंह लोधी, अंशु सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मृतक के परिजनों को सांसद ने दी सांत्वना

बहुआ। दस दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जिसके बाद बुधवार को मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाने केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति पहुंचीं। जहां हादसे की जानकारी ली। ललौली थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव के पास 11 मार्च की रात सड़क हादसा हो गया था। बता दें कि बहुआ निवासी चंद्रभूषण व उनकी पत्नी एक निमंत्रण में जा रहे थे, तभी अचानक सामने से आई दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई थी। हादसे में चंद्रभूषण की मौत हो गई थी। वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बुधवार को जनपद की सांसद व केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति बहुआ में मृतक के आवास पहुंचीं और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करेंगी।

### बिंदकी क्षेत्र में 188 स्थानों पर होगा होलिका दहन

बिंदकी। कोतवाली क्षेत्र में होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर सीओ पुलिस बल के साथ होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगो से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने की अपील की है। सीओ सुशील कुमार दुबे बुधवार को कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय के साथ नगर में होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया। जहानपुर मोहल्ले में होलिका दहन स्थल पर अवैध निर्माण होने की सूचना पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूद लोगों से जानकारी लेते हुए कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि जो भी निर्माण है उससे होलिका दहन में कोई व्यवधान नही होगा। कोई भी अराजकता फैलाने की कोशिश भी करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी करवाई की जायेंगी। सीओ ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में 188 स्थानों में होलिका दहन किया जायेगा। कही कोई विवाद की स्थित नहीं है। सभी जगह शांतिपूर्ण ढंग से होलिका दहन होगा।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने बताया की उसके ही गांव के रहने वाले एक युवक से उसके चार वर्ष से प्रेम संबंध है। दोनो फोन पर बात भी करते थे। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म भी किया ।पुलिस को दी तहरीर में बताया कि युवक से उसके चार वर्ष से संबंध थे। लगातार वह शादी करने की बात करता था, इसी बात का झांसा देकर वह लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब युवती ने उससे शादी करने की बात कही तो वह टालता रहा। युवती ने युवक पर शादी का दबाव बनाया तो युवक उससे गली गलौज करने लगा व अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। बताया जा रहा है गांव के कुछ लोगों द्वारा पीड़िता पर सुलह समझौते का दबाव भी बनाया जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास की रिपोर्ट

फतेहपुर। जंगल में महिला से सामूहिक दुष्कर्म की कोशिश के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के आरोप पर करसूमा निवासी रितिक, लालगिरी और भुजंन उर्फ बाबूजी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि महिला 13 जुलाई को शाम नित्यक्रिया के लिए गांव किनारे जंगल गई थी। वहां पहले से घात लगाए तीनों ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। शोर मचाने पर ग्रामीणों के आने की आहट हुई।

# अब रुलाने लगी बिजली कटौती

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

● शहरी क्षेत्र तो ठीक, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की हालत खराब

● कई- कई घंटों तक बाधित रहती आपूर्ति, ग्रामीणों में रोष

**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम आते ही बिजली कटौती रुलाने लगी है। लाइन में ट्रिपिंग के साथ ओवरलोडिंग के चलते बिजली की कटौती होने से लोगों को मात्र दस से बारह घंटे ही बिजली मिल रही है। सिंचाई के लिए भी किसानों को बिजली की कटौती के कारण जूझना पड़ रहा है।

अभी से बहुत तेज गर्मी शुरू नहीं हुई है। मौसम में हल्की गर्मी आते ही शहरी क्षेत्र में तो ठीक है लेकिन ग्रामीणांचलों में में बिजली की अघोषित कटौती अपना रंग दिखाने लगी है। मौसम में हल्के परिवर्तन के साथ ही बिजली की घोषित कटौती के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि फसलों की सिंचाई के लिए अघोषित कटौती के कारण समस्या हो रही है। क्षेत्र में बिजली के घोषित कटौती का आलम यह है बिजली कितने टाइम आएगी और कितने टाइम जाएगी।



शांतीनगर में बिजली उपकेंद्र। अमृत विचार

इसका कोई पता नहीं है। रोस्टिंग व ओवरलोडिंग के चलते कटौती किया जाना भी जारी हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों की आपूर्ति का तो आलम यह है कि तीन-चार घंटे तक बिजली गुल रहती है।

बिजली घर फोन कर जानकारी करने पर कभी लाइन में फाल्ट होना तो कभी ओवरलोड में फीडर बन्द होने की तो कभी रोस्टिंग चलने की बात ग्रामीणों को बता दी जाती है। शाम के समय देहात के फीडरों पर ओवरलोडिंग के चलते आधा से एक घंटा की ज्यादा कटौती की जाने लगी है। मलवां, बहुआ, जोनिहां आदि क्षेत्रों के ग्रामीणों की मानें तो अभी जब बहुत तेज गर्मी पड़ना शुरू नहीं हुई है तब भी बिजली की कटौती का आलम यह है। 10 घण्टे भी बिजली बमुश्किल मिल पा रही है। जब भीषण गर्मी होने लगेगी तो तब आपूर्ति का क्या आलम होगा, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

# रमजान: रोजे रखकर इबादत कर रहे हैं बच्चे

संवाददाता, खागा फतेहपुर

● मां- बाप के साथ उठे हाथ मांगी अमन- चैन की दुआ

**अमृत विचार।** इस वक्त माह-रमजान चल रहा है। बड़ों के साथ साथ नौनिहाल बच्चे भी खुदा को राजी करने के लिए अपनी ज़िन्दगी का पहला रोजा रख रहे हैं। वहीं कुछ बच्चों ने अपने सारे रोजे रखकर एक मिसाल पेश कर रहे हैं।



रोजे रखकर इबादत करता अबू हम्माद।

विकास खण्ड धाता के कोट गांव में ऐसे कई मासूम बच्चे हैं जो रमजान के रोजा रख रहे हैं। इन सभी की उम्र 10 वर्ष से कम है। जिसमें कई बच्चों ने अपनी ज़िन्दगी का पहला रोजा रखे हैं। बच्चों में आयशा हसनैन, मिशा ताहिर व अबू हम्माद, पुत्र अब्दुल वाजिद ने अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए अपनी भूख और प्यास को बर्दास्त कर रोजा रखा। इन बच्चों से ज़ब पूछा गया कि अभी तो आप बहुत छोटे हैं, आप पर रोजा फर्ज नहीं है तो इन्होंने मुस्कुराते हुए बोला की रमजान में रोजा रखकर इबादत करने का बहुत बड़ा सवाब है और अल्लाह मासूमों की दुआओं को जल्द सुनते हैं। इस लिए हम लोग माह-ए-रमजान की कद्र करते हैं और इस माह में जितनी इबादत कर सको वो कम है।

इन बच्चों ने अपने मासूम अंदाज में कहा कि रामजान में एक नेकी करो तो अल्लाह 70 नेकी का अज्र हमको देगा। वहीं बच्चों के रोजा रखने पर परिवार में जहां खुशी का माहौल है तो दूसरी तरफ इफ्तार में तरह तरह के पकवान बना कर रोजा इफ्तार की व्यवस्था की गई।

# ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में डूबा रहा अब्दुल कलाम नगर

**धाता।** नगर पंचायत में बिजली की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। जहां एक ओर प्रदेश सरकार की ओर से निर्बाध आपूर्ति की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर लगातार बिजली कटौती होने से किसान व कस्बे की जनता परेशान रहती है। कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत के बावजूद आश्वासन के अलावा कुछ हासिल होता नहीं दिख रहा है। गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है। आये दिन ट्रांसफार्मर फुंकना कस्बे वालों के लिए परेशानी का सबब है। पुराने सरकारी अस्पताल में रखा 250केवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने से दीप नारायण तिराहे से लेकर अब्दुल कलम नगर सहित लगभग 250 मकान में रहने वाली कस्बे की जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है। अब्दुल कलाम नगर में रोजेदार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# गायब शिक्षकों पर कार्रवाई की रिपोर्ट पोर्टल पर भी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** निरीक्षण के दौरान स्कूलों से गैर हाजिर रहने वाले शिक्षकों के विरुद्ध बीएसए ने क्या कार्रवाई की है। रिपोर्ट अब प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड होगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बीएसए को पत्र भेजा है।

जिले के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की समय-समय पर जांच कर अनुपस्थित मिलने वाले पर कार्यवाही करने के निर्देश शासन ने जारी कर रखे हैं। इस क्रम में बीएसए समेत जनपद की सभी दस बीआरसी में तैनात खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहा हैं। जांच के दौरान अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई है। इसे जानने के लिए शासन संजीदा दिख रहा है। मामले में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए को पत्र भेजकर निर्देशित किया है कि दिसंबर 2023 से 15 मार्च 2024 तक अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को प्रेरणा पोर्टल पर तत्काल अपलोड कराना सुनिश्चित करें। आदेश में चेतावनी दी गई है कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को पोर्टल पर अपलोड करना शुरू कर दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि दिसंबर, जनवरी व फरवरी में 156 शिक्षक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए हैं।

# तीन दिन में चार प्रतियों में जानकारी देंगे प्रकाशक

**फतेहपुर।** चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रिटिंग प्रेस संचालकों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि लोक सभा चुनाव के सन्दर्भ में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 127 (क) एवं धारा-77 (1) में दिए गए निर्देशों के तहत जनपद की सभी प्रिन्टिंग प्रेस संचालकों को आदेश दिया गया है कि मुद्रित निर्वाचन पम्फलेट, पोस्टर तथा इसी प्रकार की अन्य मुद्रित सामग्री की प्रिन्ट लाइन पर मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम एवं पता की सूचना तथा प्रकाशित की गयी प्रतियों की संख्या मुद्रित करना अनिवार्य होगा। मुद्रित सामग्री के प्रकाशित होने के तीन दिनों के अंदर इसकी चार प्रतियां जमा करेंगे।

# अप्रैल में खेली जाएगी बृज की होली

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति महिला इकाई का होली मिलन समारोह तीन अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें ब्रज की होली तथा स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ मेहमानों का स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति महिला इकाई की एक बैठक महिला जिलाध्यक्ष कविता गुप्ता के आवास पर संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि तीन अप्रैल को महासमिति द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारी शुरू हो रही है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कहा कि यह बडे.ही गौरव की बात है कि




बैठक करतीं वैश्य महासमिति महिला संगठन व अन्य। अमृत विचार

महिला इकाई ने अपनी स्वेच्छा से होली मिलन कार्यक्रम करने का बीडा उठाया है। इसके लिये पूरी टीम बधाई की पात्र है। वहीं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष नारायण बाबू ने कहा कि महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्त व अन्य प्रदेश पदाधिकारियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि उनकी पूरी टीम महिला इकाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान देगी। बैठक का संचालन महामंत्री एकता गुप्ता ने किया। बताया कि इसके लिए पूरे जिले में भ्रमण भी किया जाएगा। बताया कि 21 मार्च को बहुआ कस्बे में बैठक करते हुये जोनिहा होते हुये बिंदकी में, उसके बाद हुसेनगंज, छिवलहा, खागा में बैठक आयोजित की जायेगी। इस मौके पर महिला संरक्षक सरोज गुप्ता, पूनम गुप्ता, मनीषा गुप्ता, प्रितिजा गुप्ता, सोनी गुप्ता, अनीता गुप्ता, अंसली गुप्ता, नम्रता गुप्ता, वंदना गुप्ता, प्रीती गुप्ता रहीं।

परेशानी | 1400 से बढ़कर चिरौंजी हुई 2600 रुपये किलो

# मेवे की कीमतें बढ़ीं, खरीदना हुआ मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** होली पर्व को देखते हुए महंगाई भी अपने चरम सीमा करने को उतावली है। खाद्य पदार्थों में तेजी से उछाल आया है, मेवा भी महंगा हुआ है। जिससे गरीबों की गुझिया फीकी होना तय है। महंगाई के चलते आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। खरीदारी करने के लिए लोगों को अधिक जेब ढीली करनी पड़ रही है। अधिकांश खाद्य पदार्थों में करीब 10 फीसदी वृद्धि हुई है। चिरौंजी की कीमत 1400 से बढ़कर करीब 2600 रुपए किलो पर पहुंच गई है।

होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। घरों में गुझिया, मटरी, सेव दालमोंठ, दही बड़ा, पापड़, पूड़ी कचोरी सहित विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवान बनाए जाते हैं। लेकिन त्योहार पर खाद्य पदार्थों में तेजी से महंगाई बढ़ी है। खाद्य पदार्थ विक्रेता पिंटू ने बताया कि सरसों के तेल में करीब 10 रुपए प्रति किलो की वृद्धि हुई है। 70- 80 रुपए किलो बिकने वाला बेसन 90 रुपए किलो बिक रहा है। 5 रुपए वृद्धि के साथ मैदा 35 रुपए किलो हो गई है। जबकि चीनी 40 से बढ़कर 45 रुपए किलो पर पहुंच गई है। बूरा चीनी 50 रुपए से बढ़कर 55 रुपए हो गई है। दालों में भी 5 से लेकर 20 रुपए किलो तक बढ़ोतरी हुई है। रिफाइंड 90 से 110 रुपए लीटर हो गया है। खाद्य पदार्थों में बढ़ी महंगाई से आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। त्योहार पर खरीदारी में अधिक जेब ढीली करनी पड़ रही है। ऐसे में खाद्य तेल व खाद्य सामग्रियों की कीमतों में इजाफा हो गया है। जिसने लोगों को परेशानी में डाल दिया है और त्योहार का बजट भी लोगों का बढ़ गया है। किराना व्यापारियों कहना है कि खाद्य तेल और खाद्य सामग्री की आपूर्ति कानपुर की मंडी से होती है। एक महीना पहले आपूर्ति में आई कमी और मांग बढ़ने की वजह से मूल्य में वृद्धि हुई है।



खाद्य सामाग्री की खरीदारी करते ग्राहक। अमृत विचार

### मेवे की कीमतें इस तरह बढ़ गई हैं

होली पर्व पर मेवा की कीमतों में तेजी से उछाल आया है। 400 से 500 रुपए किलो बिकने वाला मखाना 900-1000 रुपए किलो बिक रहा है। चिरौंजी की कीमत दोगुनी हो गई है। 1400 रुपए किलो बिकने वाली चिरौंजी इस समय फुटकर में 2600 रुपए किलो बिक रही है। काजू की कीमत 700- 800 रुपए किलो है। छुआरा 200 से 400 रुपए किलो बिक रहा है।

# रमजान में जरूरतमंदों की करें मदद: तारिक

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** रमजान का बरकत वाला पाक महीना शुरू है। बुधवार को रोजेदारों ने नौवां रोजा मुकम्मल कर लिया है। इस महीने में अल्लाह रोजेदारों पर अपनी रहमतों की बारिश करता है।



मौलाना मोहम्मद तारिक कासमी साहब।

रोजा सिर्फ दिन भर भूखा रहने का नाम नहीं, बल्कि रोजा इंसान को इंसान से प्यार करना सिखाता है। रोजा गरीब भाईयों से मोहब्बत करने का जज्बा पैदा करता है। भूखे प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत करने वालों के गुनाह माफ हो जाते हैं। रमजान के बारे में कस्बा राजपुर के मौलाना मोहम्मद तारिक कासमी साहब ने बताया कि रोजा अच्छी जिंदगी जीने का तरीका है। इसमें इबादत कर खुदा की राह पर चलने वाले इंसान का जमीर रोजेदार को एक नेक इंसान के व्यक्तित्व के लिए जरूरी हर बात की तर्बियत देता है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की कहानी भूख-प्यास और इंसानी ख्वाहिशों के इर्द-गिर्द घूमती है। रोजा इन तीनों पर सब्र रखने का पैगाम है। रमजान का महीना तमाम इंसानों के दुख-दर्द और भूख-प्यास को समझने का है। ताकि रोजेदारों में भले-बुरे को समझने की सलाहियत पैदा हो। रमजान में कुरान की तिलावत, नमाज की अदायगी, एतिकाफ, फितरा देना, इफ्तार और सेहरी की तैयारियां आम होती है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं MOHAMMAD SHABBIR ALI ,मैंने अपनी बेटी का नाम ARIBA ,से बदलकर ARIBA KHAN ,रख दिया है अब मेरी बेटी को ARIBA KHAN, के नाम से जाना व पहचाना जाये। D/O- MOHAMMAD SHABBIR KHAN R/O- 117, PALKA BEHTA THANA GUDAMBA, LUCKNOW

**सूचना**
यह कि मै दिनेश कुमार पुत्र श्री रामसेवक सेन्चूरी पल्प एण्ड पेपर लालकुआ जिला नैनीताल में सुरक्षा सुपरवाइजर के पद पर तैनात था। इस पद पर मेरा नाम दिनेश कुमार दर्ज हो गया था जबकि सही नाम दीपक कुमार है। दीपक कुमार के नाम से मुझे जाना जाता है। **दीपक कुमार पुत्र रामसेवक निवासी नथापुर्वा, पोस्ट लोहामढ़, जनपद कन्नौज**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MAMUNA SHAHEEN था अब मैने बदलकर अपना नाम MAMUNA SHAHIN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। Add: MM-4/26, VINAY KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226010

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे दो पुत्र राज नारायण मिश्र उर्फ प्रसून और प्रभु नरायन मिश्र अपने परिवार के साथ मुझसे अलग रहते हैं, मुझसे सरोकार नही रखते हैं न ही देखभाल व सेवा करते हैं। राज नारायण मिश्र उर्फ प्रसून और प्रभु नरायन मिश्र की गलत आदतों से तंग आकर मैंने उन्हें अपनी समस्त संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **राम विशाल मिश्र पुत्र राम लखन मिश्र ग्राम व पोस्ट पुरुषोत्तमपुर थाना व तहसील जयसिंहपुर जिला सुलतानपुर**

**गुमशुदगी सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पति बसन्त कुमार निषाद करीब 20 वर्षो से लापता हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कहीं पता नही चल सका है। पति बसन्त कुमार निषाद की गुमशुदगी की सूचना मैंने थाने और पुलिस अधीक्षक को दी है। **नौरंगी देवी पत्नी बसन्त कुमार निषाद ग्राम मल्हीपुर थाना चांदा जिला सुलतानपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम त्रुटिवश MOHAMMED AQIB तथा उसकी माता का नाम त्रुटिवश SHAHNAZ BANO दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम MOHAMMAD AQIB तथा उसकी माता का सही नाम SHAHNAJ BANO है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका व उसकी माता का सही नाम दर्ज किया जाये। **अब्दुल अलीम पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी- छुहियापुरवा, सहारा स्टेट, जानकीपुरम, लखनऊ।**

**NOTICE**
I declare that my daughter Mariyam Ansari has passed ICSE(Class 10) in 2022 with her UID 7676537 and Index No. 1223834/069 and she is persuing ISC(Class 12) 2024 with her Index No.2241745/039 from Jesus & Mary School and College Balrampur and my correct name is MOHD ASHFAQ ULLAH ANSARI. Mohd Ashfaq Ullah Ansari S/O Abdul Qadir AnsariR/O Shekharpur, Balrampur (U.P.) Mob: 8960633678

# ट्रामा सेंटर में डॉक्टर नहीं एंबुलेस वालों का राज

संवाददाता फतेहपुर

- एंबुलेंस संचालक कमीशन का झांसा देकर डॉक्टर से जबरन करवाते रेफर
- मेडिकल स्टोर संचालकों के एजेंटों की भी सेंटर में है जबरदस्त पैठ



ट्रामा सेंटर के बाहर खड़ी एंबुलेंस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ट्रामा सेंटर में अव्यवस्थाओं का बोलाबाला है। यहां डॉक्टरों की नहीं, प्राइवेट एंबुलेस संचालकों की हुकूमत चलती है। एंबुलेस संचालक कमीशन का झांसा देकर मरीजो को जबरन रेफर करवा रहे हैं। टांका लगाने के नाम पर मरीजों के तीमारदारों से धागा मंगवाया जाता है। जिम्मेदार सब कुछ देखने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं।

ट्रामा सेंटर में प्राइवेट एंबुलेस संचालक हावी है। इतना ही नहीं डॉक्टरों के बगल में बैठ जाते हैं। दुर्घटना या अन्य मामले में घायल होकर आने वाले मरीजो को देख डॉक्टरों के ईद-गिर्द घूमने लगते हैं। स्वास्थकर्मियों के काम भी दखल देते हैं। मरीज को भर्ती करने के बाद डॉक्टर मरीजों को बाहर के इंजेक्शन लिखते हैं। एंबुलेस संचालक डॉक्टरो से कहकर मरीजों का जबरन सीटी स्कैन करवा देते हैं, वही लोग अपनी एंबुलेस में लादकर मरीजों को ले जाते है। प्राइवेट सीटी स्कैन संचालक डॉक्टर और एंबुलेस चालकों को कमीशन देते हैं। डॉक्टरो से बात करना हो तो पहले एंबुलेस संचालक फोन उठाते हैं।

### वार्ड ब्वाय लगाते हैं टांका

दुर्घटना या अन्य हादसे में घायल होकर मरीज ट्रामा सेंटर आते हैं। यहां पर टांका लगाने के लिए कोई सर्जन डॉक्टर मौजूद नहीं रहते हैं। जब तक डॉक्टर को कॉल भेजी जाती है, तब तक मरीज की जान पर बन आती है। यहां पर मौजूद वार्ड ब्वाय टांके लगाते हैं। टांके लगाने के नाम पर वसूली भी की जाती है। बताया जाता है कि कॉल भेजने के बाद भी डॉक्टर नहीं आते हैं।

### तीमारदारों को लूट रहे मेडिकल स्टोर संचालक

जिला अस्पताल के इर्द-गिर्द खुले मेडिकल स्टोर संचालक मरीजों को लूट रहे हैं। दो दिन पहले थरियांव थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति बाइक से गिरकर घायल हो गया था। उसका सिर फट गया था। ओटी में मौजूद कर्मी ने उससे धागे मगवाएं थे। मेडिकल स्टोर संचालक ने तीमारदार से नौ सौ रुपये धागे के लिए थे।

## मिर्च व्यापारी का कार सवारों ने किया अपहरण

**औंग।** थाना क्षेत्र के कस्बे निवासी दिनेश कुमार प्रजापति के रविवार को अचानक रास्ते से लापता होने से हड़कंप मच गया था। इधर परिजनों को राहत तब मिली जब पता चला कि व्यापारी अपनी बुआ के घर पर हैं। बुधवार सुबह दिनेश के परिजनों को खबर मिली कि लापता व्यापारी कानपुर के नरवल थाने के राजपुर गांव में अपनी बुआ के घर पर है।

मामले में पिता जियालाल बाबा ने बताया है कि रविवार को जब दिनेश फतेहपुर से लौट रहा था तो रास्ते में कुछ लोगों ने उसे रोक कर कार में धक्का लगाने की मदद मांगी। इसी दौरान उसे कार में खींच कर बैठाकर ले गए। बुधवार सुबह कानपुर हाईवे में उसे होश आया तो वह डिवाइडर में पड़ा था। इसके बाद वह अपनी बुआ के गांव रायपुर पहुंचा।

# शादी न करने पर मां ने किया था बेटी का कत्ल

फालोअप

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शादी करने से इंकार करने पर मां ने बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद शव में डीजल डालकर आग लगाकर आत्महत्या करने की कहानी रच डाली। युवती की मां ने गांव के दो लोगों पर छेड़खानी से परेशान होकर बेटी की जान देने की बात पुलिस को बताई। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को देखकर पुलिस ने युवती की मां को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ पर उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया।


कुसुमा देवी।

पूछताछ में मां ने बेटी की गला घोंटकर हत्या करने की बात कुबूल की। 16 मार्च को हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अभैया लक्ष्मणपुर में 18 साल की ईशा यादव की घर के अंदर बॉडी मिली थी। युवती के शरीर पर तीन जगह जलने के निशान मिले। ईशा की मां कुसमा देवी ने डायल 112 में फोन कर सूचना दी। मौके पर डायल 112, फील्ड यूनिट टीम और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। मां कुसुमा देवी से पूछताछ की तो उसने बताया कि बेटी से गांव के दो लोग छेड़खानी करते थे। इसी से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली है। युवती की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले की हड्डी टूटे होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मां से पूछताछ की तो उसने हत्या स्वीकार कर लिया।

### कड़ाई से पूछताछ की तो कुबूल किया

पुलिस को युवती के कपड़े देखकर ही मामला संदिग्ध लग रहा था, क्योंकि उसके कपड़े बदले गए थे। बाद में यह कंफर्म हो गया कि इसमें किसी करीबी का हाथ है। जिसके बाद पुलिस का शक मां पर गया। पुलिस ने मां को हिरासत में लिया। उससे कड़ाई से पूछताछ की तो बताया कि उसने ही बेटी को मारा है।

### एक साल से बेटी की पढ़ाई बंद थी

आरोपी मां कुसुमा देवी ने पुलिस को बताया कि बेटी की पढ़ाई एक साल से बन्द करा दी गई थी। उसकी शादी की उर्म हो गई थी। कह रही थी। लड़का भी देखा जा रहा था। लेकिन वह शादी करने का राजी नहीं हो रही थी।

### जब बेटी को जलाया तो सांस चल रही थी

घटना को छिपाने के लिए घर पर रखे डीजल से बेटी को जला दिया। उस समय बेटी की सांस चल रही थी। उसके जले हुए कपड़े भी बदले थे। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर ये बताया कि उसने छेड़खानी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार की चली गई जान

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के गोंदौरा गांव के रहने वाले छेदवू अपनी पत्नी शांती देवी को लेकर बाइक से गैस एजेंसी तक गया था। जहां से वापस लौटते समय ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को पीएचसी विजयीपुर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने छेदवू को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां घायल की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

### हाईटेंशन लाइन के करंट से युवक झुलसा

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र के सरकंडी गांव निवासी महावीर बुधवार को अपने खाली पड़े प्लाट में लगी टीन शेड को खोल रहा था। तभी शेड का पोल ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। जिससे युवक गंभीर रूप से झुलस गया। चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और लकड़ी की मदद से युवक को करंट से दूर किया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को अभियान चलाकर कृष्ण बिहारी नगर गली में दबिश देकर एक संदिग्ध को सवा किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान पीरनपुर निवासी हरिशंकर तिवारी के रूप में बताया है। इसी तरह हथगाम पुलिस ने बनियापुर मजरे गौरा निवासी नईम को दो किलो से अधिक गांजा के साथ दबोच लिया।

# कहीं होली का रंग बदरंग न कर दे जगह-जगह बन रही कच्ची शराब

## जनपद में कई स्थानों पर धधक रहीं शराब की भट्टियां, छापे मारने की हो रही खानापूरी

संवाददाता फतेहपुर



**अमृत विचार।** होली और चुनाव में कच्ची शराब का कारोबार धड़ल्ले से शुरू हो गया है। कई गांवों में कच्ची शराब के कारोबारी खुलेआम भट्ठियां चलाकर सैकड़ों लीटर शराब बाजारों में सप्लाई कर रहे हैं। आबकारी व पुलिस विभाग के जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया तो होली का रंग अवैध शराब बदरंग कर देगी।

महुवा के भाव बहुत महंगा चल रहा है। इसको देखते हुए कच्ची शराब बनाने वालों ने शराब बनाने के लिए गुड़ का प्रयोग करना भी शुरू कर दिया है। लहन उठाने के लिए गुड़ में नौसादर व चूना आदि डाला जाता है। उसके बाद ही शराब उतारी जाती है। नशे को कड़ा करने के लिए मेडिकल स्टोर पर बिकने वाले घातक इंजेक्शन की कुछ बूंदें भी इसमें डाली जाती है। इन बूंदों की मात्रा अधिक होने पर शराब पीने वाले की जान तक जा सकती है। सर्दी के दिनों में लहन उठाने के लिए यूरिया तक का प्रयोग किया जाता है।

अवैध शराब के कारोबारी 50 रुपये प्रति बोतल के हिसाब से कच्ची शराब की बिक्री करते हैं। जिन्हें खरीदने के बाद छोटे विक्रेता इनमें पानी आदि मिलाकर मात्रा में बढ़ोत्तरी करते हैं। उसके बाद वह 20 से 30 रुपये प्रति पाउच के हिसाब से बाजारों में बिक्री करने के लिए उतार देते हैं।

जहां देशी पउवा 70 से 80 रुपए में बिक्री होता है। वहीं 20 रुपये में कच्ची शराब मिलने से लोग इसके प्रति अधिक आकर्षित रहते हैं।

### महिलाओं और बच्चों से कराते हैं शराब की बिक्री

अवैध शराब के कारोबार में खतरा अधिक रहता है। इसीलिए धरपकड़ से बचने के लिए कारोबारी घर की महिलाओं और बच्चों को आगे कर देते हैं। जिसके चलते मौजूदा समय में कच्ची शराब के कारोबार में अब ज्यादातर बिक्री महिलाओं और बच्चों से करवाई जाती है। कार्रवाई होने पर महिलाएं आगे आकर बवाल करने लगती हैं। जिससे विधिक कार्रवाई में प्रशासन को मुश्किलें आने लगती है।

### अब तक 1200 लीटर अवैध शराब बरामद

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव और आगामी होली के त्योहार को देखते हुए पुलिस अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रही है। आबकारी टीम और स्थानीय पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अब तक करीब 1200 लीटर अवैध शराब और हजारों लीटर लहन के साथ-साथ दर्जनों अवैध शराब की भट्ठियों को पूरी तरीके से नष्ट किया है। इसके अलावा दर्जन घर से अधिक युवकों को अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव और होली के पर्व को देखते हुए ये लोग अधिक मात्रा में शराब बना रहे थे, स्थानीय पुलिस और आबकारी की टीम ने मिलकर अभियान चलाते हुए कार्रवाई की गई है।

### कुछ नेताओं के संरक्षण में खेल

शराब बिक्री में मुश्किलें न आए इसके लिए कारोबारी पुलिस व जनप्रतिनिधियों से भी साठगांठ करते हैं। कारोबारियों को जनप्रतिधियों का संरक्षण प्राप्त होने से पुलिस भी इन पर कार्रवाई करने से कतराती रहती है। कार्रवाई होते ही पुलिस पर लोग कारोबारियों को छुड़वाने का दबाव बनाना शुरू कर देते हैं। जिसकी वजह से कच्ची शराब का कारोबार अब क्षेत्र के गांवों में कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है।

> कच्ची शराब की धरपकड़ के लिए टीमों का गठन किया गया है। सभी सर्किल क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है। कच्ची शराब कारोबारियों पर कार्रवाई की जा रही है।
>
> –राबिन आर्या, आबकारी अधिकारी सदर

## क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराएं

**फतेहपुर।** एक मार्च से खोले के क्रय केन्द्रों में अभी तक गेहूं की आवक नहीं हो पा रही है। जिसके पीछे कारण है कि अभी फसल पूरी तरह से तैयार नहीं है। खाद्य विपणन अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि गेहूं बेंचने के लिए पंजीकरण अवश्य करा लें। जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

संजय कुमार श्रीवास्तव, जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत जनपद में संचालित सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं विक्रय के लिए पंजीकरण एक जनवरी से प्रारम्भ है।

बीते वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य में रुपए 150 प्रति कुन्टल की वृद्धि कर वर्तमान खरीद वर्ष में न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपये 2275 प्रति कुन्टल निर्धारित है। इस गेहूं खरीद वर्ष में बटाईदार किसान भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं बिक्री कर सकेंगे। सभी किसान एवं बटाईदार स्वयं अथवा किसी इण्टरनेट कैफे, जनसुविधा, लोकवाणी केन्द्र आदि से खाद्य विभाग के पोर्टल के अतिरिक्त अपने निकटतम संचालित किसी भी क्रय केन्द्र पर निःशुल्क ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।

## सार-संक्षेप


नामाकंन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### महामंत्री के लिए बृजेश बाजपेई ने किया नामांकन

**फतेहपुर।** बिंदकी अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर प्रचार चरम पर पहुंच गया है। नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को महासचिव पद के लिए दावेदार बृजेश बाजपेई ने पूरी ताकत झोंकते नजर आए। उन्होंने तहसील कम्पाउंड में प्रचार प्रसार के बाद अपने समर्थकों को साधकर नामांकन कराया। बिंदकी अधिवक्ता संघ का चुनाव दो अप्रैल को होना है। जिसमें तहसील के 226 अधिवक्ताओं को चुनाव समिति ने मतदाता बनाया है। इसको लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नाम वापसी के बाद किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव में सबसे ज्यादा जोरदार टक्कर अध्यक्ष व महामंत्री पद में देखने को मिल रही है। अध्यक्ष पद के लिए जगन्नाथ सिंह व रमाशंकर शुक्ला ने नामांकन किया है। वहीं महासचिव के लिए कैलाश चंद्र पटेल, राज कमल व बृजेश बाजपेई ने नामांकन किया है। इसके लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष कनिष्ठ, संयुक्त सचिव प्रशासन, कोषाध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ, कार्यकारिणी सदस्य कनिष्ठ पदों के प्रत्याशियों का नामांकन हुआ है। चुनाव अधिकारी के अनुसार गुरूवार को नामांकन पत्रों आपत्ति व जांच की जाएगी। अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर दिन भर गहमा गहमी रही। सभी पदों के प्रत्याशियों ने चुनावी गणित बिठाने में लगे हुए हैं।

### आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से सर्राफा बाजार रहा बंद

**फतेहपुर।** सर्राफा व्यापारी का सिर कलम करने की धमकी देने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज व्यापारियों ने बुधवार को सर्राफा बाजार पूरी तरह से बंद रखा। व्यापारियों ने बाजार बंद करते हुए प्रदर्शन किया और इसके बाद पुलिस कप्तान से मिलकर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। शहर के लाठी मोहाल निवासी आनंद स्वरूप रस्तोगी छींकन टोला में सर्राफा की दुकान चलाते हैं। बता दें कि 17 मार्च को शहर के आबूनगर के रहने वाले दो लोग दुकान में पहुंचे थे और गिरवी सामान के संबंध लेनदेन में बात होते-होते विवाद होने लगा था। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों व्यक्ति सिर कलम करने की धमकी देते हुए पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी और चले गए। सर्राफा व्यापारी ने कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी थी लेकिन अब तक कोई किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे नाराज सर्राफा कारोबारियों ने बुधवार को बाजार को बंद रखा और प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पप्पन रस्तोगी, ब्रजेश सोनी, संजय मोदनवाल, सोनू गुप्ता, मोनू रस्तोगी, रवि गुप्ता, दिनेश सोनी, राजा रस्तोगी, राजेन्द्र सर्राफ, साकेत गुप्ता आदि सर्राफा कारोबारी रहे।

### सर्वर न आने से राशन वितरण में दिक्कत

**फतेहपुर।** सरकार ने खाद्यान्न वितरण के किए गए बदलाव कोटेदारों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। राशनकार्ड फीडिंग में अधिक समय लगने और सर्वर जाने से कार्डधारकों में रोष देखने को मिल रहा है। नई ई-पॉस मशीनों को इलेक्ट्रॉनिक बेंइंग मशीन के जोड़ा गया है। जिस पर निर्धारित मात्रा में राशन रखने के बाद ही मशीन उसे स्वीकार करती है। इस माह से खाद्यान्न का वितरण भी शुरू हो चुका है। लेकिन नई व्यवस्था राशनकार्ड धारकों व कोटेदारों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। कोटेदारों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मशीन के थोड़ी थोड़ी देर में सर्वर जाने से लोगों को इंतजार करना पड़ता है। नई मशीन में एक राशनकार्ड फीडिंग में भी 10 से 15 मिनट का समय लगने से परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसे में राशनकार्ड धारकों की दुकान पर भीड़ जमा रहती है और उनकी खरीखोटी भी सुननी पड़ती है।

# सर्द-गर्म मौसम में घर-घर वायरल बुखार

संवाददाता फतेहपुर


जिला अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी की दस्तक और सुबह-शाम की हल्की सर्दी ने सेहत पर सीधा हमला किया है। इस समय वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। अस्पतालों में मरीजों की कतारें लग रही हैं। जांच का आंकड़ा भी बढ़ गया है। बीमार होने वालों में बच्चे-बूढ़े और जवान सभी हैं। सर्दी देकर बुखार आने वाले मरीज भी अच्छी-खासी संख्या में पहुंच रहे हैं।

बदलते मौसम ने लोगों की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित कर रखा है। हर उम्र के लोग उतार-चढ़ाव वाले मौसम से परेशान हैं। दो-तीन दिन से धूप में भी तेजी आ गई है। सुबह और शाम मामूली सर्दी का एहसास अभी भी बना हुआ है, जो लोगों के बीमार होने का बड़ा कारण बना हुआ है। बुधवार को करीब 950 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। सदर अस्पताल के फिजीशियन डॉ. एनके सक्सेना ने बताया कि ओपीडी में दो सौ से अधिक मरीजों को देखा गया। जिसमें सर्वाधिक संख्या वायरल फीवर के मरीजों की थी।

उन्होंने बताया कि वायरल में भी सर्दी देकर बुखार आता है। सर्दी-जुकाम और बुखार के ही मरीजों की संख्या बढ़ी है। लोग फ्रिज में रखी खाने-पीने की चीजें, ठंडे पानी के सेवन से अभी बचें।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के नरौली बुजुर्ग में मंगलवार की रात पति से विवाद के बाद महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। ललौली थाना क्षेत्र नरौली बुजुर्ग गांव निवासी महेश की पत्नी रोशनी ने पति से लड़ने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में पति ने बताया कि उसकी पत्नी उसे सूरत कमाने जाने के लिए कह रही थी। उसने होली के बाद जाने की बात कही। जिस पर उसने घटना को अंजाम दे दिया।

# मास्टर साहब ! पास कर दीजिए, शादी टूट जाएगी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की कापियों का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। यूपी बोर्ड की कापियों को जांचने में परीक्षकों को कापी में कोई फेल होने पर शादी कैंसिल हो जाने की दुहाई देते हुए मास्साब से पास करने के लिए गुजारिश की जा रही है तो वहीं कई कापियों में नोट मिल रहे हैं, कि पास कर दिया जाए। अब तक जिले के चार मूल्यांकन केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की करीब डेढ लाख से अधिक कापियां जांची जा चुकी हैं।

जिले के दो केन्द्रों में इंटरमीडियट तो दो ही केन्द्रों में हाईस्कूल की कापियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। इंटरमीडियट में दोनों केन्द्रों को प्राप्त एक लाख 67 हजार 635 कापियों के सापेक्ष 60 हजार 897 कापियों का मूल्यांकन हो चुका है। 98 हजार 154 कापियां शेष हैं। बुधवार को राजकीय इंटर कालेज में 12590 कापियां चेक की गईं। राजकीय बालिका इंटर कालेज में 10711 कापियों का मूल्यांकन परीक्षकों ने किया। ऐसे ही हाईस्कूल में दोनों केन्द्रों को प्राप्त 2 लाख 51 हजार 563 कापियों के सापेक्ष 1 लाख 11 हजार 196 कापियों का मूल्यांकन हो चुका है।

होली की तैयारी — तरह-तरह की पिचकारियां आकर्षण का केन्द्र, लोगों ने शुरू कर दी त्योहार के लिए सामानों की खरीदारी

# पापड़, चिप्स व नमकीन से बाजार हो गया गुलजार




कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


होली पर्व पर दुकान में सजे रेडीमेड चिप्स, पापड़ व नमकीन। अमृत विचार

- इस बार पापड़ आदि की नई किस्में भी आईं, लजीज स्वाद होने से लोग खरीदारी कर रहे

**अमृत विचार।** रंगोत्सव का पर्व होली के नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। चिप्स-पापड़ की दुकानें सज गई हैं। वहीं मिठाई की दुकानों पर भी गुझिया की बिक्री शुरू हो गई है। महिलाएं कचरी पापड़ की जमकर खरीदारी कर रही हैं। आलू पापड़ जहां लोगों की पहली पसंद है तो वहीं जैनम जलेबी और साबूदाना पापड़ भी लोगों को खूब भा रहे हैं। होली के त्योहार पर नमकीन का खास क्रेज रहता है। इसलिए लोग नमकीन बनाने से लेकर इसकी खरीद भी अपने अपने हिसाब से करते हैं। नमकीन की तमाम वैरायटी भी बाजार में उपलब्ध हैं।

बाजार में इस बार पापड़ आदि की कुछ नई किस्में भी आई हैं। इसमें दही-साबूदाना के साथ धनिया, टमाटर, जीरा, चिली मिक्स गुजारती जैनम पापड़, जलेबी पापड़ आदि हैं। लजीज स्वाद की वजह से लोग इनकी खूब खरीदारी कर रहे हैं। नमकीन-पापड़ के दुकानदार अनिल गुप्ता बताते हैं कि दुकानों पर विभिन्न किस्म के पापड़ और चिप्स उपलब्ध हैं। बाजार में अभी से पापड़ और चिप्स की मांग दोगुनी हो गई है। होली आते आते यह मांग और बढ़ने की उम्मीद है। शहर के शादीपुर, पटेल नगर, पत्थरकटा समेत हरिहरगंज, देवीगंज, चौक बाजार आदि में सैकड़ों फुटकर दुकानें भी सज गई हैं। बाजारों में नमकीन की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिनों दिन बढ़ती जा रही है। नमकीन दुकानदार बताते हैं कि मसूर मिक्स, काजू मिक्स, बादाम मिक्स, देशी घी से तैयार सेम बीज स्पेशल, मटरी और स्पेशल खस्ता की भी खासी मांग है। लोग अपनी अपनी पसंद की खरीदारी कर रहे हैं।

### घरों में भी तैयार किए जा रहे पापड़

होली के त्योहार में घर-घर भी पापड़ और चिप्स तैयार किए जा रहे हैं। महिलाएं आलू आदि के चिप्स और पापड़ तैयार करने में लगी हैं। महिलाएं छतों पर पूरे-पूरे दिन बैठकर चिप्स और पापड़ बनाने में लगी हुई हैं। उधर गुझिया आदि के लिए भी महिलाएं अभी से खोया बनाने में लग गई हैं। महिलाएं एक दूसरे के सहयोग से भी चिप्स पापड़ बनवाने का कार्य कर रही हैं।

| नमकीन (प्रति किग्रा) | |
|---|---|
| मसूर मिक्स | 220 रुपये |
| काजू मिक्स | 340 रुपये |
| बादाम मिक्स | 410 रुपये |
| मटरी | 220 रुपये |
| सेम बीज | 1200 रुपये |
| स्पेशल खस्ता | 260 रुपये |

| पापड़ (प्रति किग्रा.) | |
|---|---|
| मूंग दाल | 400 रुपये |
| आलू पापड़ | 360 रुपये |
| दही पापड़ | 340 रुपये |
| जैनम पापड़ | 240 रुपये |
| केला पापड़ | 260 रुपये |

## ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटा, हुआ गर्भपात

**फतेहपुर।** दहेज में नकदी व बुलेट न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई कर दी। इससे उसका गर्भपात हो गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पंचायत सचिव ससुर, पति समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बकेवर थाना क्षेत्र बेता गांव के कंजरनडेरा निवासी सुहानी गिहार की शादी 11 मार्च 2023 को गांव के अमन कुमार के साथ हुई थी। सुहानी का आरोप है कि पति अमन कुमार, ससुर रमेश चंद्र, सास पाना देवी, जेठ नमित कुमार, देवर शिवा, देवरानी रीता शादी के एक माह बाद से दहेज में तीन लाख रुपये नकदी व बुलेट बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने लगे। पांच माह गर्भवती होने के दौरान छह सितंबर की रात पति ने मारपीट की। जिससे रक्तस्त्राव चालू हो गया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### कार की टक्कर से टेंपो सवार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तेज गति से जा रही कार के अज्ञात चालक ने टेंपो में टक्कर मार दी। इससे टैंपो में सवार यात्री व चालक घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। चालक ने दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम गनेशापुर निवासी नन्दकिशोर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की शाम लगभग 05 बजे वह टेंपो से सवारियां लेकर छिबरामऊ जा रहा था। तभी ग्राम तेराजाकेट के निकट कार के अज्ञात चालक ने उसके टेंपो में टक्कर मार दी थी। इससे टेंपो सवार 07 सवारियां व वह घायल हो गया था। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस के बूटों की धमक से अराजकतत्व सहमे

**कन्नौज।** लोकसभा चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष सकरावा शशिकांत कनौजिया के नेतृत्व में कस्बे में बीएसएफ के साथ पुलिस ने मुहल्लों में रूट मार्च किया और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कस्बे के केनरा बैंक से शुरू हुआ रूट मार्च सदर बाजार, अफगानान, मुहद्दीनगर, सैय्यद बाडा, किला मुहल्ला, मिश्राना, तिवारियाँन, आदि मुहल्लों में रूट मार्च किया। थानाध्यक्ष ने बताया आने वाले लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार की अशांति का माहौल फैलाने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है उनको शीघ्र पाबंद किया जाएगा। क्षेत्र में अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

### बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर लगी रोक

**कन्नौज।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा क्षेत्र के सामान्य निर्वाचन-2024 कार्यक्रम का ऐलान हो गया है। निर्वाचन संबंधी कार्यों को सही ढंग से संपन्न कराने के लिए कई अफसरों को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही समय से सूचनाओं व रिपोर्टों को भेजने में दिक्कत न हो इसलिए सभी विभागाध्यक्ष व कार्यालय अध्यक्षों के बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जरूरी कारणों से अगर किसी को छुट्टी पर जाना है तो उनसे स्वीकृति करानी होगी। इसके साथ ही अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में एक-एक कर्मचारी की तैनाती जरूर रहेगी। इससे समय पर डाक मिल जाएगी। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# सांसद का दुष्प्रचार कर गुमराह कर रहा विपक्ष : साक्षी

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

**अमृत विचार।** वीरागंना रानी अवंती बाई बलिदान दिवस पर आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि विपक्ष सांसद का दुष्प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहा है। पिछले दिनों वायरल हुए वीडियो को लेकर संबंधित पर कार्रवाई की बात कही। इसके साथ ही उपस्थित जनसमूह को मोदी सरकार की उपलब्धियां व योजनाएं गिनाकर भाजपा के लिए वोट मांगे।

प्रथम स्वाधीनता संग्राम की प्रेणता अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर एक जनसभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जनसमूह के समक्ष वीरांगना की शौर्य गाथा का बखान किया। रानी की वीरता को रेखांकित करती वीररस की पंक्तियों का पाठ भी किया। मंच से चुनावी बिगुल फूंकते हुए तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कही। वहीं कन्नौज सांसद द्वारा वोट खरीदने की बात कहे जाने संबंधी वायरल वीडियो को लेकर विपक्षियों पर गुमराह करने का आरोप लगाया। वीडीओ वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने भी राम मंदिर बनने के मुद्दे से लोगों की भावना उद्वेलित करने का प्रयास किया।

इस मौके पर सांसद सुब्रत पाठक, समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण, छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, अमिनेश राजपूत, अखिल भारतीय लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामबक्श लोधी, जिला उपाध्यक्ष श्यामू राजपूत, सौरिख चैयरमैन राहुल गुप्ता, तिर्वा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, प्रवीण राजपूत, अनिल बाबा, लालू राजपूत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



तिर्वा में आयोजित जनसभा में साक्षी महाराज का स्वागत करते भाजपा नेता, साथ में सांसद। अमृत विचार



तिर्वा में शोभायात्रा पदयात्रा निकालते सभी दलों के लोग। अमृत विचार

### पदयात्रा में दलीय सीमा तोड़ शामिल हुए नेता

**तिर्वा, कन्नौज।** वीरागंना रानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर लोधी समाज की तरफ से मेडिकल कालेज से प्रतिमा तक आयोजित हुई पदयात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। खास बात यह रही कि यात्रा में दलीय सीमाएं टूटती नजर आईं। भाजपा समेत अन्य दलों के लोगो ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ विधायक कैलाश राजपूत ने किया। इस दौरान भाजपा के अलावा सपा के पूर्व प्रत्याशी अनिल पाल, विधूना विधायक रेखा वर्मा, नबाब सिह यादव, राजू राजपूत, शरद यादव, अन्नपूर्णा राजपूत, राजकुमारी आदि सपाई मौजूद रहे। यात्रा मे हसेरन पूर्व ब्लाक प्रमुख उदय राजपूत, उमर्दा ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, रामू कटियार भी शामिल हुए।

# बिना बजट हांफ रही मनरेगा 10 महीने से 31 करोड़ बकाया

## चार महीने से रोजगार सेवक व मनरेगा कर्मियों को मानदेय नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का हाल खराब है। यहां बजट के इंतजार में मनरेगा हांफ रही है। पक्के काम का बजट करीब 10 महीने से नहीं मिला है। बताया गया है कि करीब 31 करोड़ रुपये बकाया है। इतना ही नहीं योजना को आगे बढ़ाने वाले विभागीय कर्मियों को भी चार महीने से मानदेय मयस्सर नहीं हुआ है। इस वजह से 24 व 25 मार्च को होली मनाने पर भी संकट आ गया है। जिले में मनरेगा के करीब 1.14 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं। इसके सापेक्ष 77,835 जॉबकार्ड धारकों ने काम मांगा। इसके अलावा रोजगार सेवक, टीए व एपीओ समेत करीब 311 मनरेगा कर्मी पंजीकृत हैं। उनको वर्ष 2023 के अक्टूबर व नवंबर और 2024 में जनवरी और फरवरी का कुल चार महीने का मानदेय नहीं मिला है। मनरेगा कर्मियों का कहना है कि अगर एक-दो दिन में बजट आ भी जाता है तो त्योहार से पहले वह नहीं निकाल सकेंगे। कारण 23 मार्च को महीने का चौथा शनिवार होने की वजह से छुट्टी है। 24 को रविवार और 25 को रंगोत्सव है। इस वजह से 21 व 22 मार्च यानि दो दिन का ही समय है। कर्मियों का तर्क है कि विभाग में कच्चे व पक्के काम दोनों ही कराए जाने लगे हैं।



मनरेगा के तहत काम करते श्रमिक। फाइल फोटो

- कई विभागों से कराए जा रहे कार्य, उसके बाद भी बजट का है टोटा

इस वजह से राशन के मॉडल शॉप, पंचायत घर, आंगनबाड़ी केंद्र, अमृत सरोवर व गोशालाएं बनवाने समेत कई कार्य बढ़ गए हैं। उसके बाद भी उनको बजट नहीं मिल रहा है। दूसरी ओर 20 नवंबर 2023 से मजदूरी नहीं आई थी, जो चार महीने बाद 10 मार्च से जानी शुरू हुई है। यही हाल कच्चे कार्यों के बजट न आने का है।

### मानदेय न मिलने से सफाईकर्मियों ने की हड़ताल

**कन्नौज।** बीते माह से मानदेय न मिलने से नाराज जिला अस्पताल के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गये। उन्होंने जिला अस्पताल के गेट पर नारेबाजी की। सीएमएस ने कंपनी से बात कर तत्काल मानदेय कर्मचारियों के खाते में भिजवाया।

जिला अस्पताल में करीब 50 सफाई कर्मचारी सुविधा प्रदाता कंपनी की ओर से लगाये गये हैं। इन कर्मचारियों को करीब 7200 रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाता है। फरवरी से इनको मानदेय नहीं मिला है। होली पर मानदेय न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर जिला अस्पताल के गेट पर एकत्र हो गये। जहां उन्होंने नारेबाजी की। जानकारी जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु को हुईतो उन्होंने कर्मचारियों से जानकारी लेने के बाद संबंधित कंपनी से बात की। कंपनी ने कर्मचारियों के खाते में मानदेय भेज दिया। इसके बाद कर्मचारी हड़ताल समाप्त कर काम पर लौट आये। सीएमएस का कहना है कि कंपनी को हर माह भुगतान कर दिया जाता है।



केके इंटर कॉलेज स्थित मूल्यांकन केंद्र में कॉपी देखते डीआईओएस पूरन सिंह।

# पांचवें दिन शुरू हो गया दोनों केंद्रों पर मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के दोनों केंद्रों पर बुधवार को यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन विधिवत शुरू हो गया। पांचवें दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कुल 50,402 उत्तरपुस्तिकाएं जांची गईं। अब तक एक लाख 10 हजार 65 कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है। 17 मार्च की देर रात में मुजफ्फरनगर में शिक्षक की हत्या के विरोध में 18 व 19 मार्च को मूल्यांकन कार्य प्रभावित रहा।

केके इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र के उप नियंत्रक एके शर्मा ने बताया कि परीक्षकों ने मिलकर इंटरमीडिएट की 21,997 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। अब तक कुल 57,312 कॉपियां जांची जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र पर आवंटित एक लाख 51 हजार 942 उत्तरपुस्तिकाओं में से एक लाख 43 हजार 116 कॉपियां आ चुकीं हैं। 628 परीक्षकों में से 336 उपस्थित हुए और 69 उप प्रधान परीक्षकों में से 68 ने ड्यूटी की।

- अब तक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की जांची गईं एक लाख 10 हजार 65 कॉपियां

### मतदेय स्थलों का राजस्व टीम ने किया निरीक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर नगर सहित क्षेत्र में बूथों पर तैयारियों को पूर्ण करने कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। व्यवस्थाओं में कोई कमी न रह जाए इसके लिए राजस्व टीम स्थलीय निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं को पूर्ण कराने में जुटी हुई है। मतदेय स्थलों पर बूथ लेखन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

बुधवार को राजस्व निरीक्षक कौशलेंद्र दुबे, लेखपाल कौशल पांडेय ने टीम के साथ नगर के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज आदि मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां राजस्व टीम ने बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, बूथ लेखन आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बूथों पर अव्यवस्था मिलने पर उन्हे दूर करने के निर्देश दिए। बताया कि नगर में 12 मतदान केंद्र पर 41 बूथ बनाए गए हैं। जिनका निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराए जाने के लिए मतदेय केन्द्रों पर लगभग सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया गया है।




छात्राओं को जानकारी देतीं उपनिरीक्षक दीपांजलि वर्मा। अमृत विचार

# बराबरी के लिए महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नेहरू इंटर कॉलेज की तरफ से राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत कमालपुर में छठवें दिन मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को उनके अधिकार बताए गए तथा कानूनों की जानकारी दी गई।

एनएसएस प्रभारी डॉ आशीष कुमार गुप्ता के संचालन में हुए कार्यक्रम में डॉ. बबिता यादव ने कहा कि पुरुषों के बराबर सम्मान व अधिकार शिक्षा के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन पर कार्य करना चाहिए। उपनिरीक्षक दीपांजलि वर्मा ने स्वयंसेवकों से कानूनी मुद्दों पर चर्चा करते हुए बताया कि महिला हेल्पलाइन-1090, इमरजेंसी हेल्पलाइन-112 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। स्वयंसेवकों को सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। जूडो कराटे प्रशिक्षक योगेंद्र कुमार शर्मा ने आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया इस दौरान समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर बनाकर गांव में महिलाओं को बताने पर जोर दिया।

- एनएसएस शिविर के छठवें दिन गोष्ठी का आयोजन

# 1459 परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय स्कूलों में बुधवार को वार्षिक गृह परीक्षाएं शुरू हो गईं। 27 मार्च तक चलने वाली प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं के पहले दिन कई जगह अच्छी हाजिरी रही। दूसरी ओर कुछ स्कूलों में 20 से 30 फीसदी बच्चे नहीं पहुचें।

बीएसए कार्यालय के मुताबिक जिले में 1459 परिषदीय स्कूलों में करीब 1.30 लाख परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। 21, 22 व 23 मार्च तक परीक्षाएं होंगी। उसके बाद 24 को रविवार व 25 और 26 मार्च को होली का अवकाश है। 27 तारीख को परीक्षा का अंतिम दिन है।

पहले दिन सुबह की पाली में हिंदी, सामाजिक विषय व गणित और दूसरी पाली में दोपहर को कला/संगीत की परीक्षा संपन्न हुई। 21 मार्च यानि आज कार्यानुभव/नैतिक शिक्षा, विज्ञान, हिंदी व पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा होगी। जलालाबाद क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल जसपुरापुर सरैया प्रथम की प्रधानाध्यापक रेनू कमल ने बताया कि पंजीकृत 303 छात्र-छात्राओं में से 97 फीसदी बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। इसी तरह कन्नौज सदर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल खुरदैया, मकरंदनगर, प्रेमपुर पूर्व माध्यमिक स्कूल हैवतपुर कटरा में भी बच्चों ने उत्साह के साथ परीक्षा दी।



प्राथमिक स्कूल जसपुरापुर सरैया प्रथम में परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### बेसिक शिक्षा निदेशक ने मांगी रिपोर्ट

कन्नौज। परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में बुधवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गईं हैं। हर रोज कितने परीक्षार्थी इसमें शामिल हुए इसकी रिपोर्ट शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने मांगी है। उन्होंने फार्मेट जारी कर पंजीकृत बालक व बालिका की कक्षावार जानकारी मांगी है। साथ ही परीक्षा में शामिल व अनुपस्थित परीक्षार्थियों को भी ब्योरा मांगा है।

### 27 तक खर्च करें स्कूलों की कंपोजिट ग्रांट

**कन्नौज।** बीएसए उपासना रानी वर्मा ने सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि वर्ष 2023-24 की परिषदीय स्कूलों में कंपोजिट ग्रांट भेजी जा चुकी है। जनपद के सभी प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया है कि कंपोजिट ग्रांट को 27 मार्च तक खर्च कर लिया जाए। अगर ऐसा न किया गया या पीपीए फेल हुआ तो कार्रवाई की जा सकती है।

## सार-संक्षेप

### महिला सहित तीन को अवैध शराब के साथ पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सराय प्रयाग चौकी प्रभारी राहुल पाल ने बीते मंगलवार को हमराह सिपाहियों के साथ अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इसमें पुलिस ने हाईवे से सूलनपुर नौसारा जाने वाले रोड पर सूलनपुर तिराहा कच्चे रास्ते से ग्राम नवादा निवासी रामवीर बाल्मीकि, मैनपुरी थाना भोगांव ग्राम अरम सराय निवासी राजीव को दो प्लास्टिक की पिपिया में 20-20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया। इसी प्रकार उपनिरीक्षक नीलम सिंह ने अभियान के तहत ग्राम खाड़ेदेवर स्थित रेलवे पटरी के पास छापेमारी की और ग्राम खाडेद्रेवर निवासी संगीता पत्नी छोटे को दो प्लास्टिक की पिपिया मे 10-10 लीटर कच्ची कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

### होली पर्व को लेकर ईओ ने कर्मियों को दिए निर्देश

**तालग्राम, कन्नौज।** होली के पर्व को लेकर बुधवार को अधिशासी अधिकारी ने भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। कर्मियों को लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। नगर पंचायत तालग्राम अधिशाषी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने कस्बा में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर जमीनी हकीकत जानी। मोहल्ला बजरिया में नालियों की सफाई करने के लिए सफाई नायक संतराम को निर्देश दिए। कहा कि होली व रमजान पर्व को लेकर जलापूर्ति व सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। लापरवाही व मनमानी करने वाले कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जनता की समस्याओं का समय से निस्ताण किया जाएं। सूखा व गीला कूड़ा का निस्तारण अलग-अलग कराया जाएं। इस दौरान लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार, गोकरन सिंह, सफाई नायक संतराम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण करते ईओ।

**सियासी रंग** — त्योहार पर किसी भी तरह से गिले-शिकवे दूर करने की तैयारी

# चुनावी बयार में घुलेंगे होली के 'रंग', होगी मनुहार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** चार दिन बाद रंगों का त्योहार होली है। इस बार का पर्व खास है क्योंकि अगले महीने लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में रंगों के बहाने राजनीतिक दुश्मन भी गले मिलेंगे तो रूठों को मनाने की भी होड़ रहेगी। वहीं माना जा रहा है कि किसी भी तरह से वोटों को मोड़ने के लिए हर तरह का जोड़तोड़ होगा। यह बात अलग है कि प्रशासन आचार संहिता का पालन कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। फिलहाल दो दलों के प्रत्याशी तय हो चुके हैं जबकि सपा के उम्मीदवार को लेकर असमंजस बरकरार है। होली दिन दिल खिलेंगे तो रंगों में रंग मिलेंगे और उम्मीदवारों के दिन बनेंगे।





साल 2024 की होली लोकसभा चुनाव के रंग में रंगने वाली है। यही ऐसा अवसर है जब विभिन्न राजनीतिक दल से जुड़े छोटे-बड़े नेता रूठों को मनाने की जुगत लगाएंगे और गले भी मिलेंगे। हमेशा से होता भी आया है कि चुनावी बेला में वे नेता भी दिखाई देते हैं जो पांच साल ढूंढे नहीं मिलते। अब तो होली भी है और लोकसभा चुनाव भी। भारतीय जनता पार्टी मौजूदा सांसद पर भरोसा दिखाकर टिकट थमा चुकी है तो वहीं बसपा सुप्रीमो ने भी रसूलाबाद के अकील अहमद को प्रत्याशी बना दिया है। इधर, प्रमुख प्रतिद्वंद्वी मानी जा रही समाजवादी पार्टी की तरफ से कोई अधिकृत घोषणा नहीं की गई है। इससे कार्यकर्ता शांत बैठकर इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अनेक अवसरों पर पार्टी अध्यक्ष स्वयं की कन्नौज से फिर चुनाव लड़ने के संकेत दे चुके हैं। भरोसेमंद पार्टी सूत्र भी यही बता रहे हैं कि वे कन्नौज के ही कुरुक्षेत्र में ताल ठोंकने की तैयारी में हैं। इधर त्योहार आ गया है तो इसमें भी राजनीतिक दलों को अवसर मिल गया है। ऐसे में अबीर-गुलाल से गिले शिकवों के दाग मिटाने की तैयारी है। बताया जाता है कि सत्ताधारी दल के साथ ही प्रमुख विपक्षी पार्टी के लोगों में भी मनभेद और मतभेद की स्थितियां हैं। ऐसे में होलिका दहन से लेकर रंगपंचमी तक के अवसर पर चुनावी रंग उड़ेगा तो गुझिया से रिश्तों में मिठास भरेंगे।। भई अब चुनाव है तो मुहं से शक्कर से मीठी चाशनी भी टपकेगी।

# झंडे को मोड़ने की सीखीं बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में रोवर्स रेंजर्स शिविर के दूसरे दिन प्राथमिक चिकित्सा, उसमें लगने वाली गांठों (जो चुभें न), कैंप लगाना, रोवर्स को झंडे को मोड़ना व फहराने के बारे में बरीकियां बताई गईं। साथ ही पहले सत्र में योग व व्यायाम भी सिखाया गया।

बुधवार को शिविर का शुभारंभ सुबह साढ़े नौ बजे ध्वजारोहण के साथ हुआ। दूसरे सत्र में संगठन की प्रांतीय कमिश्नर प्रज्ञा सिंह ने रोवर रेंजर्स के इतिहास व महत्व पर बात रखी। रोवर्स क्रू प्रभारी डॉ. रमेश सिंह व रेंजर्स टीम प्रभारी रेनू त्यागी ने गुरुवार को होने वाले शिविर समापन के बारे में बताया। शिविर में आदेश नारायण सक्सेना, जिला संगठन प्रशिक्षक परशुराम पाल, स्नेहलता भदोरिया के निर्देश में काफी जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने रोवर्स रेंजर्स को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. अमित सचान, डॉ. लक्ष्मी नारायण, डॉ. आशीष सिंह, पंकज राय, प्रेम नारायण व अर्चना मिश्रा मौजूद रहीं।



रोवर्स-रेंजर्स शिविर में झंडे को मोड़ना सीखती छात्रा। अमृत विचार

- रोवर्स- रेंजर्स शिविर : प्राथमिक उपचार की दी जानकारी

# तालग्राम व जलालाबाद के सीडीपीओ से जवाब-तलब

## जिला कार्यक्रम अधिकारी के निरीक्षण में नहीं मिले कई अभिलेख

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दोनों केंद्रों पर मुख्य सेविकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी

**अमृत विचार।** तालग्राम व जलालाबाद की बाल विकास परियोजनाओं का जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान कई अभिलेख नहीं मिले। एक स्थान पर सीडीपीओ अनुपस्थित मिलीं। भ्रमण रजिस्टर नहीं दिखाए गए तो अधूरे भी मिले। इसको लेकर जलालाबाद, तालग्राम के सीडीपीओ व मुख्य सेविकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि शाम साढ़े चार बजे तालग्राम की बाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा सिंह अनुपस्थित मिलीं। मुख्य सेविका संगीता देवी ने बताया कि वह संचारी रोग की बैठक में शामिल होने छिबरामऊ गईं हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी अवकाश पंजिका, प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम रजिस्टर, वास्तविक भ्रमण कार्यक्रम रजिस्टर, निरीक्षण आख्याएं व मूमेंट रजिस्टर को दो नवंबर 2023 से भरा नहीं गया है। मुख्य सेविका ने बताया कि मूमेंट रजिस्टर अलमारी में बंद है। चाबी सीडीपीओ के पास है। पोषाहार रजिस्टर में सीडीपीओ व मुख्य सेविकाओं के हस्ताक्षर भी नहीं पाए गए गए। वितरण रजिस्टर में भंडार सहायक के हस्ताक्षर नहीं थे। निरीक्षण में कोई भी दस्तावेज नहीं मिला। इस वजह से सीडीपीओ व मुख्य सेविका की शासकीय कार्य में शिथिलता मानी गई है। उसके बाद जलालाबाद परियोजना का निरीक्षण किया। इसमें मुख्य सेविका रश्मि व शिवप्रभा के रजिस्टर में सामग्री की संख्या नहीं लिखी थी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व समूह सखी को पोषाहार बांटकर हस्ताक्षर करा लिए गए।

पोषाहार रजिस्टर पर सीडीपीओ व किसी भी मुख्य सेविका के हस्ताक्षर नहीं मिले। सीडीपीओ शेषमणि यादव के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम रजिस्टर, वास्तविक भ्रमण कार्यक्रम रजिस्टर व निरीक्षण आख्या नहीं दिखाए गए।

# हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

- ठठिया थाना क्षेत्र के मलगई गांव में एक सप्ताह पहले हुआ था विवाद

**अमृत विचार।** ठठिया थाना पुलिस ने छह दिन पहले पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुए संघर्ष के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया। वहां से जेल भेज दिया गया।

ठठिया थाना क्षेत्र के गांव मलगई में 14 मार्च को आरोपी फखरूल पुत्र शमसुल आदि ने पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर अपने-अपने हाथो में लिये लाठी डण्डा फरसा, सरिया, कुल्हाडी व तमंचा के साथ छह दिन पहले ठठिया थाना क्षेत्र के मलगई गांव निवासी शमशुल खां ओर आसिफ खां के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में लाठी डंडे और धारदार हथियार समेत हवाई फायरिंग भी हुई थी।

घटना में दोनो पक्षों के आठ से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 42 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार की देर रात पुलिस ने फखरुल खां को पकड़ लिया। घटना में पीड़ित आसिफ खां निवासी ग्राम मलगई थाना ठठिया की तहरीर पर पुलिस ने धारा हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

आरोपी फखरुल को ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह, दरोगा हसीब अहमद, हेड कांसटेवल सुनील कुमार, रामसागर, मनीष, विवेक कुमार ने दौलतपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पहले से ही धारा 147, 336, 352, 427, 504, 506 भादवि व 7 सीएलए एक्ट समेत गंभीर मामले दर्ज हैं।

# मायके से नहीं लौटी पत्नी तो जहरीला पदार्थ खाकर कर ली खुदकुशी

संवाददाता, छिबरामऊ


मृतक के रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दंपति के बीच हुए विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई। काफी प्रयास के बाद भी नहीं लौटी तो दुखी होकर पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर आनन फानन परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।


धर्मवीर।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दक्षिणी खुडावा निवासी धर्मवीर पुत्र लोकराम राजपूत पल्लेदारी करके परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार की देर रात उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी होते ही परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

मृतक की मां श्रीदेवी ने बताया कि 28 फरवरी को पत्नी कुशमा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिस पर वह अपने मायके चली गई और वापस नहीं आ रही थी। इससे पुत्र दुखी था। इसी कारण उसने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया कि लगभग दो सप्ताह पूर्व भी उसने आत्महत्या करने के इरादे से फंदा लगाने का प्रयास किया था, लेकिन समय रहते उन्हें बचा लिया गया था।

मृतक अपने पीछे दो वर्षीय पुत्र अयांश को भी छोड़ गया। पुलिस ने पंचनामा भरवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अस्पतालों में पैरामिलिट्री फोर्स को 24 घंटे इलाज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अस्पतालों की सूची और लोकेशन के साथ सीएमएस अधीक्षकों के नाम मांगे गए

**अमृत विचार।** चुनाव के दौरान जिले में आने वाली पैरा मिलिट्री फोर्स को सरकारी अस्पतालों में निशुल्क इलाज मिलेगा। शासन ने इन सरकारी अस्पतालों की डिटेल लोकेशन समेत मांगी है।

लोक सभा चुनाव कराने के लिये पैरामिलिट्री के जवान पहले से आ जायेंगे। इनके बीमार होने पर किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिये शासन गंभीर है। शासन ने पत्र भेज कर जिले के अस्पतालों की सूची मांगी है। इनमें सरकारी अस्पतालों को प्रमुखता दी गई है। इनमें मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल, 100 शैय्या के अलावा सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को शामिल किया गया है। अन अस्पतालों की सूची प्रोफार्मा में भर कर देनी है। प्रोफार्मा में संबंधित अस्पताल की लोकेशन, अधीक्षक का नाम और मोबाइल नंबर मांगा गया है। शासन का मानना है कि यदि पैरामिलिट्री के जवान बीमार होते हैं तो वह इसी सूची को देख कर निकट के अस्पताल में पहुंच कर उपचार ले सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बुधवार को शासन से मांगी गई अस्पतालों की डिटेल भेजी है। सीएमओ ने बताया कि चुनाव को देखते हुए सभी अस्पतालों के चिकित्साधिकारियों, अधीक्षकों को सक्रिय कर दिया गया है।

# मुफ्त बिजली : जमा किया बकाया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निजी नलकूप को दी जानी है नि:शुल्क बिजली
- बकाया जमा कर चुके उपभोक्ता कर रहे मीटर का आवेदन

**अमृत विचार।** निजी नलकूपों में निशुल्क बिजली का लाभ लेने के लिये करीब एक हजार उपभोक्ताओं ने मार्च 2023 तक का बकाया बिल का भुगतान कर दिया है। वह अप्रैल 2023 से निशुल्क नलकूप में बिजली का लाभ लेने को मीटर के लिये आवेदन कर रहे हैं।

निजी नलकूप के कनेक्शन पर अब सरकार अप्रैल 2023 से निशुल्क बिजली देगी। इसके लिये सरकार ने मार्च 2023 तक का निजी नलकूप पर बकाया बिल जमा करने को कहा था। इसी के तहत 1000 निजी नलकूप के उपभोक्ताओं ने बकाया बिल जमा कर दिया है। अब मीटर लगवाने के लिये आवेदन किया है। बताया गया कि जो उपभोक्ता अपने निजी नलकूप के कनेक्शन पर मीटर लगवा लेगा उसका बिल अप्रैल


कार्यालय में बकाया बिल जमा करते उपभोक्ता। अमृत विचार

2023 से माफ कर दिया जायेगा। खास बात यह रहेगी उपभोक्ता को सीमित रीडिंग 1045 तक निशुल्क बिजली दी जायेगी। यदि इससे अधिक रीडिंग हुई तो विभाग इसका मूल्य वसूल करेगा। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि शासन से निर्धारित यूनिट तक ही निशुल्क बिजली मिलेगी। इससे अधिक बिजली खर्च करने पर इसका भुगतान जमा करना होगा। बिल की रीडिंग प्रत्येक तीसरे माह में होगी। निजी नलकूप धारक किसान रामधीन का कहना है कि जब किसानों को निजी नलकूप पर सीमित यूनिट मिलेगी तो योजना का क्या फायदा। अच्छा है कि योजना को लागू ही न किया जाये।

# कार्यशाला में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर दिया जोर

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के तहत कार्यशाला
- किशोरियों के जीवन कौशल पर शिक्षकों ने किया जागरूक

**अमृत विचार।** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के तहत पॉवर एंजिल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए ब्लॉक स्तर पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें किशोर, किशोरियों के जीवन कौशल के विषय में शिक्षकों को जागरूक किया गया।

बुधवार को सराय प्रयाग स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में कार्यशाला के दौरान संन्दर्भदाता रामेन्द्र पाल, अरुण कुमार वर्मा ने किशोर, किशोरियों के शिक्षा, स्वास्थ आत्मसम्मान, आत्मरक्षा, संतुलित आहार, स्वच्छता, जल संसाधन, आपदा प्रबन्धन एवं सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा कर टिप्स दिए। बताया कि किशोर, किशोरियों के जीवन कौशल और विकास के लिए शिक्षक जमीनी स्तर से कार्य करें। प्रशिक्षण के दौरान बालिका शिक्षा, जिला समन्वयक रोहित तिवारी, विश्वनाथ शर्मा, एआरपी अरविंद चैहान ने भी बालिका शिक्षा के महत्व पर जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान अपर्णा शुक्ला, रचना यादव, वंदना गंगवार, प्रतिभा मिश्रा, ज्योति मिश्रा, पारूल कटियार, गीता देवी, सर्वेश कुशवाहा, शिवानी गुप्ता, शान अहमद, सलिल कुमार, विपिन कुमार, अभिलाष सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग को ले गया दूसरे धर्म का युवक

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग को युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। मामले की रिपोर्ट सदर कोतवाली में युवक के खिलाफ दर्ज कराई गई है। मामले में पुलिस ने दो टीमों का गठन कर छापेमारी की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय नाबालिग को सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव देवकली वांगर गांव निवासी नदीम पुत्र अब्दुल वहीद बहला फुसला कर 18 फरवरी को दिन में करीब तीन बजे भगा ले गया। मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस की दो टीमें गठित की गई है। टीमें लगातार नाबालिग व आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# रमजान माह में सेवई, सूतफेनी खजूर से बाजार हो गए गुलजार

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- रमजान की तैयारियों को लेकर हो रही खरीदारी
- सहरी के लिए बाजारों में रोजेदारों की भीड़

**अमृत विचार ।** रमजान के चलते बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। लोग सहरी-इफ्तार की तैयारियों के लिए जमकर खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। बाजारों में सहरी के लिए तरह-तरह की सेवंई, फेनी, खजूर फल आदि की सजी दुकानों पर खरीदारों की खासी भीड़ देखने को मिली रही है। रमजान का महीना मुसलमानों के लिए बहुत ही खास महीना मना जाता है। इस महीने में लोग अपना ज्यादातर वक्त खुदा की इबादत में गुजारते हैं। जिसके चलते मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सहरी और इफ्तार में इस्तेमाल की जाने वाली चीजों की खरीदारी करनी शुरू कर दी है।

शहर के बाजार में ईद की रौनक दिखने लगी है। वहीं शहर के बाजार खजूर, सेवइयों और फलों की दुकानों से सज गई हैं। रमजान



का महीना अल्लाह का महीना माना जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग इस महीने में कुरआन और नमाज पाबंदी से पढ़ते हैं। भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिददीकी ने बताया कि वह लोग पूरे दिन रोजा रखते हैं। सुबह से शाम तक कुछ भी नहीं खाते पीते हैं। जब शाम को मगरिब की आजान होती है। तब सभी रोजादार चाट, पकौड़ी शर्बत, फल, खजूर आदि से रोजा इफ्तार करते हैं।

उन्होने बताया कि सूरज निकलने से पहले सहरी में सभी रोजेदार दूध, फेनी और खजला शौक से खाते हैं। इफ्तार के लिए सबसे ज्यादा खजूर और फलों की खरीदारी की जाती है। रमजान के मौके पर इफ्तार में अलग-अलग तरह के लजीज पकवान बनाए जाते हैं। वही खजूर विक्रेता राशिद ने बताया कि उनके पास कई तरह की खजूर है।

पिछले साल के मुकाबले सभी खजूरों के दामों में 10 से 15 रुपये किलो की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं सेवईं विक्रेता इमरान ने बताया कि उनके पास चार किस्म की सेवइयां और फेनी हैं। इसमें बनारसी, किमामी सेवइयों की बिक्री सबसे अधिक हो रही है।

# पुलिस कैंटीन में मिलेगा रोजमर्रा का सामान

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को पुलिस लाइन स्थित कैंटीन का जीर्णोद्धार करवाकर उसका उद्घाटन किया। कहा कि अब पुलिस को अधिकतर जरूरी सामान कम कीमत पर यहां ही मिलेगा। पूर्व से संचालित पुलिस कैंटीन को सुपर मार्केट की तर्ज पर विकसित किया गया है। पुलिस कर्मियों की जरूरत को देखते हुए यहां दैनिक उपयोग का घरेलू आवश्यक सामान बाजार से सस्ते दर पर उपलब्ध होगा। पुलिस व उनके परिजनों को पुलिस कार्ड से कम दर पर सामान मिलेगा। अत्याधुनिक कैंटीन का उद्घाटन बुधवार को एसपी अमित कुमार आनन्द ने फीता काट व शिलापट का अनावरण कर किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ. प्रियंका वाजपेयी, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह मौजूद रहे ।

# दोपहिया वाहन चलाते समय लगाएं हेलमेट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शहर में बिना हेलमेट के नहीं प्रवेश कर पाएंगे, सख्ती बरतने की तैयारी

**अमृत विचार।** यातायात नियमों का पालन कराने के लिये यातायात प्रभारी ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी गई। इस दौरान कई वाहनों के चालान काटे गये।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश व क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने बुधवार को अपनी टीम के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात प्रभारी ने बताया कि कन्नौज शहर के अंदर प्रवेश करने से पहले चेक पोस्ट बैरियर्स पर यातायात उप निरीक्षकों एवं उनके हमराहियों के साथ पाल चौराहा बैरियर, मंडी समिति बैरियर और जलालपुर पनवारा बाईपास बैरियर पर विशेष तौर पर बिना हेलमेट धारण किए वाहन चालकों की चेकिंग की जा रही है। जनपद कन्नौज की सड़कों में मोटरसाइकिलों की दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या काफी बढ़ी है। जिस कारण दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रतिदिन शहर में प्रवेश करने वाले चेक पोस्ट बैरियरों पर लगातार बिना हेलमेट धारण किए वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं सवारी गाड़ियों में ओवर लोडिंग करने वाले चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है। नो पार्किंग जोन पर वाहन खड़े करने से जाम की समस्या उत्पन्न होती है। नो पार्किंग में खतरनाक तरीके से खड़े वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### भाकियू सावित्री के जिला सचिव बने अभिषेक

**गुरसहायगंज।** भारतीय किसान यूनियन सावित्री के जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता अन्ना ने संगठन का विस्तार करते हुए नगर निवासी अभिषेक मिश्रा को जिला सचिव मनोनीत किया। बुधवार को नगर के जीट रोड स्थित अभिषेक के आवास कार्यालय पर पहुंचे जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन लगातार किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रहा है। संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव पदाधिकारियों व सदस्यों का मनोनयन किया जा रहा है।


जिला सचिव का स्वागत करते जिलाध्यक्ष।

### एसपी ने राजपत्रित अधिकारियों की ली बैठक

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा पुलिस लाइन्स कन्नौज में लोकसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिये राजपत्रित अधिकारियों की गोष्ठी की। गोष्ठी में समस्त क्षेत्राधिकारी को अपने-अपने सर्किल क्षेत्र में शराब तस्कर व माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। यही नहीं चुनाव को प्रभावित करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण करने के अलावा लगातार भ्रमण कर मतदाताओं को भयमुक्त मतदान करने के लिये जागरूक करने के निर्देश दिये।

### भूमि विवाद में युवक से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम रौरा निवासी महेंद्र कुमार का कहना है कि गांव के लोगों ने उसकी खाली पड़ी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया। शिकायत करने पर बुधवार की सुबह उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ठूंठ बना रामकृष्ण नगर में लगा हैंडपंप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर टावर के पास स्थित अजय के मकान के सामने लगा हैंडपंप कई वर्षो से खराब पड़ा है। इससे स्थानीय लोगों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों हर मंगल सिंह, अजय, करन, गौरव, अमन, विनय, रीतेश आदि ने पालिका प्रशासन से समस्या का निस्तारण करने की मांग की है।


खराब हैंडपंप।

### बच्चे देश का भविष्य : सरोज कुमार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बच्चे देश का भविष्य होते हैं। यदि बच्चे शरीरिक और शैक्षिक रूप से सशक्त होंगे तो यही बच्चे बड़े होकर देश के सच्चे नागरिक बनेंगे और देश की प्रगति के सशक्त माध्यम बनेंगे। यह बात हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी सरोज कुमार ने कही। संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी दिनेश चन्द्र ने कहा कि विद्यालयों के भौतिक रूप से सुंदरीकरण व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए खंड विकास कार्यालय में प्रधानों के सहयोग से भरपूर कार्य करवाया है। अब लगभग सभी विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे निर्धारित 19 पैरामीटर पूर्ण हो चुके हैं। यदि कही भी कार्य शेष है तो वहां पर भी कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कर दिया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संचालक शशिकान्त शुक्ल ने बताया कि हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 1,2,3 के उत्कृष्ट और निपुण छात्रों सहित कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र के दो बच्चों को प्रमाण पत्र, ज्योमेट्री बॉक्स व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है। पांच उत्कृष्ट कार्य करने वाली आगनवाड़ी कार्यकत्री को सम्मानित किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी रमेशचंद चौधरी ने कहा कि शिक्षकों को अपनी गरिमा का पूरा ध्यान रखना चाहिए और अपने दायित्वों का भी बोध होना चाहिए। इस दौरान कुलदीप यादव, अनुपम अवस्थी, शैलेश मिश्रा, प्रभाकांत मिश्रा, अनूप मिश्रा, ओमकार यादव, सत्येंद्र यादव, विनोद मिश्रा, रवि कुमार, राजेश पाठक, सौरभ माथुर, ज्ञानेंद्र यादव, राजीव निगम, राजीव मिश्रा मौजूद रहे।

**निरीक्षण** | जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के सामने आई रसोइया न होने की हकीकत

# वन स्टॉप सेंटर में पीड़िताएं खुद कर रहीं नाश्ते की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर से मिलने वाले बच्चों के रहने के लिए कोई सुविधा नहीं मिली

**अमृत विचार।** शहर के विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर में स्थित वन स्टॉप सेंटर का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व एडीजे लवली जायसवाल ने निरीक्षण किया। यहां कई कमियां मिलीं। उन्होंने बताया कि पहले दिए गए कई निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। साथ ही वहां मिली पीड़िता ने सचिव को बताया कि नाश्ते के लिए खुद से व्यवस्था की है। भोजन भी दोपहर तक नहीं दिया गया।


वन स्टॉप सेंटर के केंद्र प्रशासक से जानकारी लेतीं सचिव लवली जायसवाल।

बुधवार को सचिव ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर में चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर से मिलने वाले पीड़ित बच्चों के अस्थाई निवास वाले मीटिंग हॉल का निरीक्षण किया। यहां के कर्मचारी सूरज ने बताया कि 20 जनवरी से बच्चों का रेस्क्यू किए जाने की व्यवस्था है। बच्चों को रखने के लिए अस्थाई शेल्टर होम बनाया गया है। सचिव का कहना है कि इस कक्ष में बच्चों के रहने के लिए कोई सुविधा नहीं मिली। चाइल्ड हेल्प लाइन के रजिस्टर में बच्चा ओमजी ठाकुर पुत्र राकेश कुमार के प्राप्त होने की सूचना अंकित थी, लेकिन बच्चा वहां नहीं था। पूछने पर बताया गया कि बच्चा पिता को सुपुर्द किया जा चुका है लेकिन उसका ब्योरा रजिस्टर में नहीं था। निरीक्षण में एक पीड़िता केंद्र पर मौजूद मिली। सचिव ने बताया कि शासनादेश के तहत पीड़िताओं के भोजन की व्यवस्था के लिए रसोइया रखने के निर्देश कई बार दिए गए लेकिन इसका पालन अब तक नहीं किया गया है। कोई बिड नहीं आई है। पीड़िता ने बताया कि नाश्ते का इतंजाम उसने स्वयं किया है। केंद्र की ओर से दोपहर 12:45 बजे तक भोजन नहीं दिया गया। इस मौके पर परामर्शदाता संघमित्रा, महिला चौकी प्रभारी रंजना सिंह, अभिषेक, सीमा बानो, आस्था, प्रतिभा व बसंतराम मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य का रखें ध्यान

**कन्नौज।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज लवली जायसवाल व स्वास्थ्य विभाग की तरफ से वृद्धाश्रम में मुख स्वास्थ्य को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के साथ ही दवा का वितरण किया गया। सचिव ने निरीक्षण के बाद वृद्धाश्रम में नेशनल ओरल हेल्थ दिवस पर विधिक साक्षरता का आयोजन किया। शिविर में सचिव ने वृद्धजनों को हर वर्ष 20 मार्च को ओरल हेल्थ डे मनाये जाने के संबंध में जानकारी दी। बताया कि आम भाषा में मुख स्वास्थ्य दिवस कहा जाता है। इस दिन लोगों को ओरल हेल्थ के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है। दांतों और मसूड़ों की देखभाल न करने से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होने की आशंका बनी रहती है। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. ओपी गौतम नोडल अधिकारी ने बताया कि मुख स्वास्थ्य दिवस 2024 की थीम 'एक खुश मुंह एक खुश शरीर' है। माउथ कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है। मुंह में छाला या फिर गांठ होना भी कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। ध्यान रहे मुंह का छाला तीन हफ्ते में ठीक ना हो तो यह माउथ कैंसर का एक लक्षण है। डॉ. रवि प्रताप ने मुख की सफाई किस तरह की जाये इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर प्रतिभा पैनल अधिवक्ता अभिषेक कुमार, बसन्तराम लिपिक, पराविधिक स्वयं सेवक सीमा व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# चोरी की कार, नकदी समेत तीन गिरफ्तार

**गुरसहायगंज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसमें पुलिस ने तीन चोरों को चोरी की गई नगदी, कार, तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ लिया।

बुधवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुनील कुमार चौधरी व उप निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने कांस्टेबल अमन कुमार सिंह के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसमें फरुखाबाद रोड से फरुखाबाद थाना जहानगंज के ग्राम कंधरापुर निवासी सुमित चतुर्वेदी व जहानगंज निवासी अभिषेक, आलोक शर्मा को पकड़ लिया। पुलिस ने युवकों के पास से घटना में प्रयुक्त कार, चोरी के 5150 रुपये, 03 तमंचा, तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

## एक नजर

### सट्टे की खाईबाड़ी करते गिरफ्तार किया

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** सट्टे की खाईबाड़ी करते सदबाड़ा मोहल्ले का एक आरोपित गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस के एसआई सुनील कुमार ने मुखविर की सूचना पर कटरा रहमत खां से अताईपुर को जाने वाले मार्ग के समीप बंद पड़े खाली मकान से सट्टे की खाईबाड़ी करते नगर के मोहल्ला सदबाड़ा निवासी प्रदीप उर्फ राजन गुप्ता को गिरफ्तार किया। सूचना पर मौके पर सीओ सतेंद्र कुमार सिंह भी पहुंच गए। जहां तलाश ली गई। पुलिस ने आरोपित के पास से 11 सट्टा पर्ची, एक पैड समेत 3050 रुपए बरामद किए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ जुआ अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शराब समेत एक को पकड़ा

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** मंडी चैकी प्रभारी केके कश्यप ने मुखविर की सूचना पर श्यामनगर बाग से गांव के ही छोटू पुत्र प्रताप सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर लिया है।

### युवती ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी निशा ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन सीएचसी लाए।

# खेत जोत रहे किसान की रोटावेटर में फंसने से चली गई जान

## पिछला पल्ला उठाकर निकालने के प्रयास में खुद फंस गया, मिस्त्री ने निकाला शव

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** क़ायमगंज कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को खेत की जुताई करते समय खेतिहर मजदूर की रोटावेटर में फंस कर दर्दनाक मौत हो गई। जब तक ट्रैक्टर रोका जाता तब तक उसके शरीर के चीथड़े गए। घटना से खेत पर मौजूद लोग हक्का-बक्का रह गए। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।


ध्रुव सिंह


रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार

यह हृदय विदारक घटना क्षेत्र के गांव अमिलइया मुकेरी में हुई। जिसने भी युवक के शव को देखा सभी के मुंह से आह निकल रही थी। ग्राम अमिलइया मुकेरी निवासी ध्रुवसिंह (22) पुत्र जवाहरलाल ने कैलाश चंद्र पुत्र बालकराम का खेत बटाई पर लिया है। आज गांव के ही सुग्रीव सिंह पुत्र रामदीन के ट्रैक्टर से खेत में मक्का बुवाई का काम हो रहा था। जिस समय ट्रैक्टर खेत में जुताई कर रहा था। उसी समय मशीन में कुछ फस गया। जिसे निकालने के लिए ध्रुव ने रोटावेटर का पिछला पल्ला उठाकर निकालने का प्रयास किया।

उसी समय झटके के साथ युवक ध्रुव रोटावेटर मशीन में फस गया। जब तक ड्राइवर अरविंद पुत्र वेद राम निवासी नगला बिलौना कुछ समझ पाता। तब तक रोटावेटर में फंसकर उसकी दर्दनाक मौत हो चुकी थी।

यह देख घवराया ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। घटना की सूचना ग्रामीणों को मिली। तो ग्रामीणों का भारी जमावड़ा घटनास्थल पर लग गया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी प्रभारी विद्यासागर तिवारी, हल्का इंचार्ज सुनील कुमार ने मिस्त्री को बुलवा कर रोटावेटर मशीन खुलवाकर रक्त रंजित शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इधर बताया गया है कि मृतक के पिता जवाहरलाल कोतवाली कायमगंज में चौकीदार के पद पर तैनात है। मृतक ध्रुव सिंह की पत्नी पूजा तथा मां रेशमा देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। मृतक की दो बेटियां 2 वर्षीय पूजा तथा 2 माह की दिव्या है।

## दुर्घटना का मुआवजा मांगने पर की अभद्रता

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** मझोला गांव के मजदूर को 25 फरवरी को बाइक सवार ने टक्कर मार कर गंभीर घायल कर दिया। जब उसने मुआवजा मांगा तो आरोपित ने गालियां देकर भगा दिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मझोला निवासी रामकिशोर ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकद्मे में कहा है। वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। 25 फरवरी की शाम वह घसिया चिलौली स्थित एक गौरव के यहां मजदूरी कर घर जा रहा था। अचानक बल्ला फन्टी की दुकान के पास तेज रफ्तार से आ रहे घसिया चिलौली निवासी संजय भाष्कर ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। 108 एंबुलेंस से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां से गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। जहां डाक्टर ने पैर के आपरेशन के लिए कहा था। उसने किसी तरह परिजनों की मदद से आपरेशन करा लिया। जब संजय भाष्कर से कहा गया तो आरोपित ने भगा दिया।

# लखपति दीदी : बिना ब्याज के 5 लाख ऋण

संवाददाता, कमालगंज-फर्रुखाबाद

- समूह की महिलाओं की आय साल में एक लाख तक करने पर जोर

**अमृत विचार।** विकास खण्ड सभागार में बुधवार को आजीविका मिशन व अपराजिता की ओर से लखपति दीदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए वर्ष में कम से कम एक लाख रुपए आमदनी पर जोर दिया गया। कहा गया कि लखपति दीदी को स्वरोजगार के लिए 5 लाख रुपए तक ऋण मिल सकेगा। जिसपर कोई ब्याज नहीं देना होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीपीओ विमलेश चौधरी व मुख्य सेविका अंजू राठौर ने किया। डिस्ट्रिक रिसोर्स पर्सन ऋचा तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार चाहती है कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की आमदनी हर माह 10 हजार से ज्यादा हो। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की आमदनी साल में एक लाख से अधिक हो जाए। जिससे वह आर्थिक रूप से मजबूती के साथ खड़ीं हों। सीडीपीओ विमलेश चौधरी ने कहा कि लखपति दीदी कार्यक्रम प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न रोजगारों के संबंध मंफ तकनीकी व व्यवहारिक जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अमर उजाला का अपराजिता कार्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य, करियर आदि के प्रति महिलाओं को जागरूक कर रहा है। मुख्य सेविका अंजू राठौर ने कहा कि लखपति दीदी योजना ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बना रही है। आंतरिक व्यावसायिक संदर्भ व्यक्ति आईपीआरपी दीप्ति सिंह ने लखपति दीदी के राष्ट्रीय पोर्टल की जानकारी दी।। आईपीआरपी रेखा देवी ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को उत्प्रेरित करने वाला है। इसके अंतर्गत बड़े पैमाने पर कौशल विकास कार्यक्रम होंगे। प्रशिक्षक सुरेंद्र पांडेय, सुषमा तिवारी, प्रदीप कुमार आदि रहे।

# नई जगह होलिका दहन नहीं

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** त्योहारों को लेकर जिला एवम पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में होली, नवरात्र, रमजान एवं ईद के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति कमेटी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिये कि होलिका दहन स्थल को लेकर कोई विवाद न हो। किसी भी धार्मिक स्थल पर अनावश्यक रूप से रंग न डाला जाये। किसी भी नई जगह पर होलिका दहन नहीं होगा। कोई भी जुलूस नये रास्ते से नही निकलेगा।


बैठक में मौजूद डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

सभी होलिकादहन स्थलों पर लटके बिजली के तार सही करा लिये जाये। विद्युत की सप्लाई निर्बाध रहे। केमिकल वाले रंगों का प्रयोग न किया जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखी जों। सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि होली के अवसर पर सभी जगहों पर साफ सफाई व पानी की व्यवस्था दुरुस्त रहे। तभी अधिशासी अधिकारी ने बताया कि किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1533 पर संपर्क करे किया जा सकता है।

- नये रास्ते से जुलूस नहीं निकाले जाएं : डीएम

जिलाधिकारी ने हिदायत दी कि सभी अग्निशमन की गाड़ियों की चेकिंग करा ली जाये कि वो सही हो व उनमें पर्याप्त पानी रहे। सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए गये कि वह अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर लें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने विश्वास दिलाया कि बाइकों से हुड़दंग करने पर रोक लगाई जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह आदि रहे।

## डीएम, एसपी को मतदान केंद्रों पर मिली खामियां

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुधवार को मोहम्मदाबाद में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों पर खामियां देख डीएम वीके सिंह ने एडीओ पंचायत और सीडीपीओ को को जम कर फटकार लगाई। उन्होंने सम्बंधित कर्मचारियों का वेतन रोकने के आदेश दिए।

दोनों अधिकारी अचानक मोहम्मदाबाद मतदान केंद्र पर पहुंचे। जिलाधिकारी वीके सिंह व पुलिस कप्तान विकास कुमार को देख कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। जिलाधिकारी को बीएलओ ड्यूटी पर तैनात नही मिले। जिलाधिकारी वीके सिंह ने कहा कि निर्वाचन के मामले में किसी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्हें अन्य खामियां भी मिली। रोहिला मतदान केंद्र पर बिजली व्यवस्था नहीं मिली।

# कानूनगो का वीडियो हुआ वायरल, तबादला किया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** तहसील सदर में कार्यरत कानूनगो सोवरन सिंह का रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के बाद शमशाबाद क्षेत्र से खिमसेपुर क्षेत्र के लिए का तबादला कर दिया गया है। तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने बताया कि कानून गो सोबरन सिंह के विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायत मिली थी, जिसकी जांच की जा रही है।

बताते चलें कि तहसील सदर में दो कानूनगो को पिछले माह रिश्वत लेते हुए एंटीकरप्शन टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद भी यहां रिश्वतखोरी का धंधा बंद नहीं हो रहा है। कानूनगो सोबरन सिंह का रिश्वत लेते हुए वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि कानूनगो शमसाबाद क्षेत्र के गांव बीसलपुर बांगर में ग्रामीण से खुलेआम रिश्वत लेते वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे है। पीड़ित ने शपथपत्र के साथ कानूनगो के खिलाफ तहसीलदार से शिकायत की है। हालांकि वायरल हो रहे वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय ने बताया कि गांव बीसलपुर बांगर निवासी व्यक्ति ने कानूनगो सोरन सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की है। इससे पहले भी शिकायतें आने पर उन्हें शमसाबाद से खिमसेपुर स्थानांतरित किया जा चुका है। कानूनगो के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है। उप जिलाधिकारी सदर गजराज सिंह ने बताया कि कानूनगो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

## सार-संक्षेप


गुलाल तैयार कर रहे बंदी। अमृत विचार

### जेल में हल्दी, चुकंदर, पालक से तैयार किया गया गुलाल

**फर्रुखाबाद।** अपराध की दुनिया में उठे हाथ अब सृजन की तरफ उठ कर लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्राकृतिक गुलाल बना रहे हैं। केमिकल युक्त गुलाल से बचने के लिए यह तरीका जिला जेल फतेहगढ़ के बंदियों ने निकाला है। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि बाजार में इस समय गुलाल केमिकल से बने हुएआ रहे हैं। उनकी जेल में बंदियों ने हल्दी से पीला रंग तैयार करके और चुकंदर से लाल तथा पलक से हरा रंग तैयार करके चावल के आटे को कपड़े से छान करके मिला कर गुलाब बनाया है। इस गुलाब के लगाने से लोगों किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। यह पूरी तरह से प्राकृतिक है। जेल अधीक्षक ने बताया कि इसे जेल उत्पाद खरीद केंद्र पर जेल द्वार के बाहर बेचा जाएगा और जेल में भी बन्द सभी बंदी इसी गुलाल से होली खेलेंगे। बताते चले की जिला जेल में जब से अधीक्षक भीम सेन मुकुंद आये है तब जेल में बन रहे भोजन को फाइव स्टार का दर्जा दिया गया है। जेल में बंदियों के हाथों से बने बल्ब प्रदेश भर में उजाला फैला रहे हैं।

### सपा के तोषित प्रीत सिंह समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी से नाराज मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार तोषित प्रीत सिंह ने बुधवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस दौरान उन्होंने सपा पर तीखे प्रहार किए। बुधवार को आवसा-विकास स्थित भाजपा कार्यालय सैकड़ों समर्थकों के साथ पहुंचे सरदार तोषित प्रीत सिंह का सांसद मुकेश राजपूत और जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने सभी को पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। सरदार तोषित प्रीत सिंह ने कहा कि सबसे ज्यादा दुख उन्हें यह है कि सपा बार-बार कांग्रेस गठबंधन कर रही है, जबकि वर्ष 1984 में कांग्रेस ने ही सिखों को सबसे बड़ा दर्द दिया था। कांग्रेसी भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण के अस्तित्व पर सवाल उठाते हैं। सपा का गठबंधन करना कहीं न कहीं कांग्रेस के लोगों के बयान का समर्थन करना है। उन्होंने कहा कि सपा अब सिर्फ चाटुकारों तक सीमित रह गई है। पार्टी के हर गुट में अंर्तकलह चल रही है। काम करने वालों की पार्टी में कोई सुन नहीं रहा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भाजपा का है। देश को आगे ले जाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयासरत हैं। हर वर्ग का समान विकास हो रहा है। सिख समाज को असली सम्मान भाजपा में मिला है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि भाजपा ने हमेशा सिखों को अपना माना है। पार्टी में सरदार तोषित प्रीत सिंह का तहे दिल से स्वागत है। कायमगंज से आए अतुल यादव ने भी तोषित प्रीत सिंह के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### परिषदीय विद्यालयों के 30 हजार छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

फर्रुखाबाद। परिषदीय विद्यालयों की शुरू हुई वार्षिक परीक्षा में 30 हजार से ज्यादा परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। बुधवार को परिषदीय विद्यालयों में दो पालियों में परीक्षा हुई। बढ़पुर ब्लॉक के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय हथियापुर में मेज पर बैठकर बच्चे गणित का पेपर हल कर रहे थे। प्रधानाध्यापक राबिया खातून ने बताया कि पंजीकृत 206 में 175 बच्चे परीक्षा देने आए। वहीं नगर क्षेत्र के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहगढ़ में जमीन पर बैठकर कक्षा सात व आठ के छात्र-छात्राएं सीट पर चित्र बना रहे थे। प्रधानाध्यापक नीरज चौहान ने बताया कि कला का पेपर है। 185 बच्चे पंजीकृत हैं, जिसमें दस अनुपस्थित रहे।

# नाला बधार पर लगेगी अवंतीबाई की प्रतिमा

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- 166वें बलिदान दिवस पर लोधी महासभा ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा की ओर से अमर शहीद वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 166वें बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया गया। गणमान्य लोगों ने महारानी के शहादत को याद करते हुए चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान नाला बघार पर शीघ्र ही वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा लगवाने की जानकारी दी गई।

लोधी महासभा के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा ने कहा कि अब समाज को जागरूक होने की जरूरत है। उसी तरह सोते हुए लोधी समाज को संगठित करके जगाना होगा। कोषाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह राजपूत एडवोकेट व विक्रांत सिंह राना ने कहा ने कहा कि हमें नशा शराब को त्याग कर बेटियों को भी उच्च शिक्षित होने के लिए आगे आना होगा। भाजपा के जिला मंत्री डा धर्मेन्द्र राजपूत ने कहा कि कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत व संचालन अरविन्द राजपूत ने किया। प्रमुख रूप से ब्रह्मानंद वर्मा, रामलड़ैते राजपूत, मेजर रतन सिंह राजपूत आदि रहे।

## आशा को सौंपी गई आभा आईडी बनाने की जिम्मेदारी

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** विकास खण्ड कार्यालय में बुधवार को अंतर्विभागीय ब्लाक स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक हुई। 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग अभियान व 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान की तैयारी पर विचार हुआ। दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर सभी लोगों की आभा आईडी बनाएंगी।

बीडीओ श्रीप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि अभियान में जमीनी स्तर पर गंभीरता से काम हो। ग्राम विकास व पंचायत अधिकारियों का उन्मुखीकरण हो। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अजय सिंह ने कहा सभी विभाग समय से अपनी सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार कर लें।

# पट्टे की जमीन पर कब्जे के प्रयास को लेकर दो पक्षों में विवाद

संवाददाता, कंपिल-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कटरी के गांव में पट्टे की जमीन पर कब्जा का प्रयास किया गया। विवाद की जानकारी पर एसडीएम व सीओ ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की और कब्जे को हटवाया। पुलिस ने विवाद करने वाले चार आरोपितों को निगरानी में लिया है।

क्षेत्र के गांव शाहीपुर निवासी ब्रजेश कुमार का दस बीघा जमीन पर लगभग चालीस वर्ष पूर्व पट्टा हुआ था, जिसमे नौ बीघा जमीन पर उनका कब्जा है। ब्रजेश का कहना है एक बीघा जमीन पर गांव के ही कुछ लोग झोपडी आदि डालकर कब्जा किए हुए हैं। जमीन के समीप ही एक एक धार्मिक स्थल है। ब्रजेश का आरोप है धार्मिक स्थल पर रहने वाले व्यक्ति ने कब्जा करने की कोशिश की। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ता देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस व तहसील प्रशासन को दी। एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार सृजन कुमार, मनीष वर्मा व सीओ सतेंद्र कुमार सिंह ने जांच पड़ताल की। एसडीएम ने जमीन की नापजोप कराकर जमीन को खाली कराया। बाकी जमीन पर पड़ी झोपड़ियों को हटाने के कब्जेदारों को जल्द निर्देश दिए। पुलिस ने चार लोगो को निगरानी में लिया है।

### एसडीएम बोले, पट्टेधारक को दिलाया गया कब्जा

**कायमगंज।** एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा ने बताया कि 684 नंबर ग्राम समाज की भूमि है। उस पर लाभार्थी को पट्टा आवंटित किया गया था। 9 जुलाई 2023 को तत्कालीन नायब तहसीलदार सनी कनौजिया ने मौके पर जाकर लाभार्थी को कब्जा दिलाया था। कुछ लोग फिर कब्जा कर रहे थे। मौके पर जाकर कब्जा हटवाया गया है। पास में धार्मिक स्थल से कोई मलतब नहीं है।

सावधानी जरूरी — चेहरे पर रंग और अबीर लगाने पर आंखों में जाने का खतरा

# होली के रंगों से आंखों को बचाना होगा, वर्ना दिक्कत

अभय प्रताप सिंह, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद में होली की तैयारी जोरों पर देखने को मिल रही है। रंगों का त्योहार सबसे लोकप्रिय पर्व माना जाता है। इस दिन हर तरफ रौनक और आनंदमय वातावरण देखने को मिलता है। चटक रंगों में रंगे लोग और उनके कपड़े इस बात का एहसास दिलाते हैं कि यह दुनिया कितनी रंगीन है और खुशमिजाज है। देखने की बात चली है तो यहां आंखों का जिक्र करना भी आवश्यक हो जाता है। यदि आंखों में रंग चला गया तो बड़ी मुसीबत हो सकती है।

होली पर आंखों की सुरक्षा को खतरा रहता है। यह त्योहार के रंग में भंग करता है और वो है असावधानी, जिससे बचना चाहिए। होली के दिन कई लोग सामने वाले को रंग लगाने के लिए जोश में आकर होश खो बैठते हैं।

### होली खेलते समय चश्मा जरूर पहनें

एक बात का हमेशा ध्यान रखें कि जब कोई चेहरे पर रंग लगाने की कोशिश करे तो हमेशा अपनी आंखें बंद कर लें। इससे आंखों में रंगों के जाने की संभावना खत्म हो जाती है। इसके अलावा, बाहर जाने से पहले सनग्लासेस या हैंडी शेड्स पहनकर जाएं। इससे कूल भी दिखेंगे और आंखों की भी सुरक्षा होगी।

परिणामस्वरूप इससे उनके चेहरे, नाक, कान और आंखों को चोट पहुंच जाती है। ऐसे में अगर आपके साथ भी कुछ ऐसा हो चुका है और आप चाहते हैं कि इस साल आपकी आंखों को कोई असुविधा और हानि न पहुंचे तो यहां कुछ बातें बताई जा रही हैं, जिन्हें आपको अपनाना चाहिए।

साफ पानी से आंखों को धोएं। बाजार में विभिन्न आई ड्रॉप उपलब्ध हैं। आंखों की एलर्जी से बचाव के लिए इसे लगाने की सलाह दी जाती है। कोशिश करें कि यह आपके डॉक्टर द्वारा सजेस्ट किए गए हों। चिकित्सक के परामर्श पर आई ड्रॉप्स के इस्तेमाल से आंखों की खुजली और दर्द से राहत मिलेगी। होली खेलने से पहले और बाद में एक-एक बूंद का प्रयोग करें।

### नारियल तेल का उपयोग करें

अपनी आंखों के चारों ओर एक अच्छे मॉइश्चराइजर का प्रयोग करें ताकि आपकी आंखों के आस-पास भी कोई रंग जमा ना हो सके। कोल्ड क्रीम होली के रंगों से बचाने का काम करती है। होली खेलने से पहले अपनी आंखों के आसपास प्राकृतिक नारियल तेल से मसाज भी कर सकते हैं। क्रीम की तरह, नारियल का तेल भी रंगो को आपकी आंखों में जाने से रोकेगा क्योंकि यह आपकी त्वचा की सतह पर बैठ जाएगा और उड़ने की संभावना कम हो जाएगी। होली खेलते समय समझने के लिए यह सबसे उच्च श्रेणी की आंखों की देखभाल युक्तियों में से एक है। रासायनिक रंगों के दानेदार कणों से विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए। ये जहरीले होते हैं और कॉर्निया में घर्षण को प्रभावित कर सकते हैं। यह आंख की कठिनाई गंभीर दर्द का कारण बनती है और अल्सर या संक्रमण के विकास को रोकने के लिए एक विशेषज्ञ द्वारा इलाज की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि यदि आँखों में रंग चला गया है तो उसे बिल्कुल भी ना मसलें| होली खेलने के बाद यदि आँखों में असहजता महसूस हो रही है तो गुलाब जल एक रुई के फाहे में लेकर आंखो पर पट्टी रखें। डा .दीक्षित ने बताया कि कैमिकल वाले रंग आंखो में रह जाते है | जिससे एलर्जी, आंखों में संक्रमण के साथ ही कार्नियल अल्सर जैसी समस्या तक हो सकती है। यदि आंखो में जलन है तो चिकित्सक से सम्पर्क करें।



"होली खेलते समय आंखों के आस-पास के रंग को हमेशा साफ और पीने के पानी से धोना चाहिए। आंखों को साफ रखने के लिए गुलाब जल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। गुलाब जल आंखों से रंग के धब्बे और धूल को खत्म करने में मदद करता है। गुलाब जल में एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं। साथ ही, यह रसायनों के कारण प्रभावित आंखों की जलन को कम करने में भी मदद करता है। आंखों को लुब्रिकेट करने के लिए आई ड्रॉप्स डालें। जब त्योहार समाप्त हो जाए तो अपनी आंखों को ठंडे पानी से साफ करना चाहिए। डाक्टर से जरूरी हो तो परामर्श भी करें।

–डा. अनूप दीक्षित, बाल रोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल

# चुनाव के चलते गरीबों की होली 'रंगीन'

चन्द्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** होली के चंद दिन पहले हुई चुनाव की घोषणा ने गरीबो की गुजिया में मिठास भर दी है। उम्मीदवारों के प्रतिनिधि गांव-गांव पहुंच कर गरीबो की इमदाद में जुट गए है।

जिले में लोक सभा का चुनाव चौथे चरण में 13 मई को होने जारहा है। इससे पहले 25 मार्च को होली है। हर साल होली पर काफी गरीबों की होली धन के अभाव में फीकी रह जाती थी। इस बार नेता जी के समर्थक गांव गांव पहुंच कर गरीबो की चिंता ले रहे हैं।यह बात अलग कि चुनाव जीतने के बाद नेता जी पांच साल तक गांव और गरीब दोनों को भूल जाते है। लेकिन इस समय हर उम्मीद वार यही कहता सुना जा रहा है भारत की आत्मा गांव में निवास करती है। गांव और गरीबो को नजरंदाज नही किया जा सकता।

विधान सभा अमृतपुर के मतदाता रामवरन, जगन्नू, सुधीर वीरेंद्र सहित सैकड़ों बताते है कि इस साल आई भीषण बाढ़ से सारी फसलें नष्ट हो गई। अमृतपुर तहसील का किसान पूरी तरह से तबाह हो गया। बाढ़ की भीषण विभीषिका से जूझ रहे यहां के लोगो की खबर लेने उस समय कोई जनप्रतिनिधि नही आया। चुनाव की घोषणा होते ही उम्मीदवारों के समर्थक घर घर दस्तक दे रहे है। होली की गुझिया में मिठास भरने के लिए वह हर तरह से गरीबो की मदद में जुट गए हैं। लज्जाराम, विनोद, रघुवंश आदि लोगो का कहना है कि जिस तरह से उम्मीदवारों के लोग घर घर पहुंच गरीबों के हाल चाल ले रहे है। उससे अब किसी गरीब की होली फीकी नही रहेगी। रंग, पिचकारी, अबीर, गुलाल सभी की व्यवस्था उम्मीदवारों के समर्थक कर रहे हैं। यही हाल भोजपुर, कायमगंज, सदर और अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के अंदर आने वाले मतदाताओं का है। उनके यहां भी इस समय होली का सामान उम्मीदवारों के समर्थक गरीबों कोचोरी छिपे बांट रहे हैं।



लोकसभा क्षेत्र का मानचित्र।

- त्योहार में उपहार देने के लिए नेता दे रहे ग्रामीणों के घरों पर दस्तक

# हत्या के प्रयास में दस साल कैद, आठ हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आठ साल पुराने मामले में दिया फैसला



**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दस यज्ञेश चंद्र पांडेय ने हत्या के प्रयास के एक आठ साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए दोषी को दस साल की सजा सुनाई तथा आठ हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि सैफई निवासी राजवीर गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसके भतीजे अतुल का गांव के ही राजू शाक्य से विवाद हो गया था। इस पर राजू शाक्य ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। बारह मई 2017 की रात को च परिवार के साथ घर पर सो रहा था । अतुल भी कमरे में सो रहा था तभी राजू शाक्य तमंचा लेकर उसके घर में घुस गया ओर गली गलौज करने लगा । गाली गलौज करने पर परिवार के लोग जाग गए। परिवार के लोगों ने गाली देने से मना किया तो उसने तमंचे से फायर कर दिया। जिससे गोली उसके पिता रमेश चंद की कनपटी में जा लगी जिससे वह घायल हो गए। बाद में राजू धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने मामलादर्ज कर छानबीन शुरू कर दी । बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट की धाराओ में आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में हुई। अपर शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों वी गवाहों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाया और दस साल की सजा सुनाई। अपर शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी ने कुछ झूंठे साक्ष्य पेश किए जिसे कोर्ट ने संज्ञान लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए।

## लूट के मामले में कोर्ट ने सुनाई छह साल की सजा, अर्थदंड भी लगाया

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम आलोक कुमार श्रीवास्तव ने छह साल पुराने लूट के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया ओर उसे छह साल की सजा सुनाई व पांच हजार के अर्थ दंड से दंडित किया। अपर शासकीय अधिवक्ता कोशलेंद्र सिंह तोमर व मंजू शाक्य ने बताया कि आगरा के शमशाबाद रोड की महादेव कॉलोनी निवासी राहुल पुत्र पूरनसिंह ने लवेदी थाने में दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह एक ट्रेवलिंग एजेंसी चलाता है 28 जुलाई 2017को उसके पास एक फोन आया और उसने इटावा जाने के कार की बुकिंग की। उसका चालक बच्चू सिंह कार लेकर गया । रास्ते में बुकिंग करने वाले के दो साथी ओर मिल गए। रास्ते में उक्त लोगों ने चालक को शराब पिलाई ओर उसे कब्जे में कर लिया। नशे की हालत में कार स्वर लोगों ने उसे लवेदी क्षेत्र के गांव चंद्र पुरा के पास फेंक दिया ओर कार लेकर फरार हो गए। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानबीन की। छानबीन में रवि यादव उर्फ रवि शंकर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। छानबीन के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपत्र कोर्ट में पेशकर दिए। शासकीय अधिवक्ता द्वारा पेश किए साक्ष्यो के आधार पर कोर्ट ने रवि यादव को दोषी पाते हुए उसे छह साल की सजा सुनाई

## बच्चों ने की जमकर मस्ती



**इटावा।** होली के पावन पर्व को पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने उल्लास के साथ अपने मित्रों को मिष्ठान खिलाते हुए रंग से सराबोर किया। प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र यादव ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर रोली लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उसका क्या सामाजिक महत्व है उस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जैसे एक रंग में सभी सराबोर होकर अपनी व्यक्तिगत पहचान खोकर समष्टि में बदल जाते हैं, उसी प्रकार हमारा हिंदू समाज अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को छोड़कर राष्ट्र जीवन के उत्थान में अपने को राष्ट्र प्रेम के रंग में रंग लेता है। होली आपसी वैमनस्यता व द्वेष को दूर कर आपसी प्रेम सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देती है। जिससे मानव जीवन अपने चरमोत्कर्ष को प्राप्त करता है । कार्यक्रम का कुशल संचालन साधना शर्मा ने किया। उन्होने अपनी व्यंगवाली शैली से सबको हंसाया।

# रंग, अबीर से सजा बाजार, बच्चों को खूब पसंद आ रही पिचकारियां

## होली की तैयारी: किराना, रंग की दुकानों में खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़

संवाददाता बकेवर, इटावा

● पॉकेट सिलेंडर, मोटू-पतलू आदि नामों से बिक रही पिचकारी

● हरे, गुलाबी, नीले व पीले रंग के स्प्रे भी बाजार में बिक रहे हैं



बकेवर में सजी रंग, पिचकारी की दुकान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली पर्व को लेकर इनदिनों बाजारों में रंगत दिखाई दे रही है। बड़ी संख्या में लोग किराना और रंग की दुकानों पर खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं।

सबसे ज्यादा भीड़ पिचकारी की दुकानों पर बनी हुई है। कस्बा बकेवर, लखना में होली की खुशियां बच्चों के साथ युवाओं के सिर चढ़कर बोल रही हैं। गुझिया और खाने के अन्य व्यंजनों को तैयार करने के लिए जरूरी सामान गरी, छुहारा, किशमिश, चिरौंजी, काजू, बादाम, पापड़, चिप्स, मैदा, सूजी आदि खरीदने के लिए कस्बों की बाजार में ग्राहकों की भीड़ लग रही है। बाजारों के साथ ही कस्बो आदि में होली के मद्देनजर दुकानें सज गई हैं। बाजारों में त्योहार की खरीदारी के लिए लोग पहुंच रहे हैं। होली को लेकर रंग, गुलाल, अबीर व पिचकारी का बाजार सज गया है। बाजार में सिलेंडर, पॉकेट सिलेंडर, ब्रहमास्त्र, मोटू-पतलू, डॉरीमॉन और त्रिशूल आदि पिचकारियां बच्चों की पहली पसंद बनी है। अबीर-गुलाल के साथ ही हरे-गुलाबी, नीले व पीले रंग के साथ ही स्प्रे भी बिक रहे है। दुकानदार राहुल रस्तोगी का कहना है कि अभी मांग कम है, लेकिन एक-दो दिन बाद मांग बढ़ेगी। बच्चों को सिलेंडर व डॉरीमान पिचकारी बहुत ज्यादा पसंद आ रही हैं, बच्चे इन्हीं पिचकारी की ज्यादा मांग कर रहे हैं।

### होली है परंपरा का त्योहार



**बकेवर।** होली हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रमुख त्योहार है। हम सब इसे खुशियों और रंगों के साथ मनाते हैं। डेढ़ताल, चौताल विधा के होली गीत शास्त्रीय संगीत पर आधारित होते हैं। अधिकांश परंपरागत गीत हमारी संस्कृति पर आधारित होते हैं।

दयाशंकर त्रिपाठी पूर्व अग्निशमन अधिकारी दाऊदपुर

### मिलकर गीत गाने की परंपरा



**बकेवर।** शाम को देवी मंदिरों पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होकर होली गीत गाते हैं और भरपूर होली का आनंद लेते हैं। इस त्यौहार पर मिलकर गीत कगाने की परंपरा रही है।

– सौरभ उपाध्याय, निवासी बकेवर

## ट्रेन की चपेट में आने से कॉलेज प्रबंधक की मौत

**भरथना, इटावा।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला नगरु और ग्राम कंधेसी पचार के मध्य बरौनी एक्सप्रेस की चपेट में आने से क्षेत्र के ग्राम नगला अती में संचालित इंटर कॉलेज के प्रबंधक की मौत हो गई। प्रबंधक दिनेश कुमार उर्फ पिंटू यादव 45 वर्ष निवासी कृष्णा नगर इटावा सुबह रेलवे लाइन पार कर रहे थे। अचानक बरौनी एक्सप्रेस ट्रैक से गुजरी जिसकी चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।



दिनेश कुमार

पिंटू यादव की ट्रेन से कटकर मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

भरथना कस्बा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को कब्जे में लिया। मृतक अपने पैतृक गांव नगला अती में एक इंटर कालेज और इटावा रोड कृष्णा नगर में एक मैरिज होम के मालिक होने के साथ प्रगतिशील किसान थे।

# भाजपा में शामिल हुए 30 प्रधान

संवाददाता महेवा, इटावा



भाजपा में शामिल होने वालों के साथ निवर्तमान सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया।

● सपा, बसपा छोड़कर आए भाजपा को जिताने का संकल्प

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र महेवा के करीब दो दर्जन से अधिक ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सपा ,बसपा व कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। सभी ने पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की खातिर इटावा सीट से भाजपा प्रत्याशी डा रामशंकर कठेरिया को जिताने का संकल्प लिया। विधान सभा प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष महेवा प्रदीप तिवारी के संयोजन में कस्बे के गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में बसपा के सूर्यप्रकाश त्रिपाठी सहित ग्राम प्रधान नसीरपुर बोझा सोमहरी अवस्थी, के नेतृत्व में ब्लॉक के करीब 30 ग्राम प्रधानों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से रमऊपुर परसौली धर्मेंद्र यादव ,नगला शुक्ल रामवीर तिवारी, रतनपुर प्रधान नवीन यादव ,नंदग्वा मनोज यादव ,सबदलपुर दीपक कुमार ,टकरूपुर विकास कठेरिया, बिल्हती मुरारी लाल राजपूत ,पूर्व प्रधान दादरपुर बबलू तिवारी ,वर्तमान प्रधान उमा दीक्षित ,सराय मिट्ठे रामदास पाल ,बकेवर देहात बंटी खान, बम्होरा हरगोविंद पाल ,नगला कले विवेक यादव ,बराउख सूर्यकांत दुबे, विशुनामई कुशल पाल सिंह, नागरी लोलपुर मोहर सिंह, सजंय तिवारी, मनियामयू कोमलदास राजपूत, सिंगोली शिववीर पाल, जैतपुर रोहिताश यादव, उधन्न पूरा रामकुमार राजपूत, दाईपुरा कमलेश कुमार, इंगुर्री रामरतन, खितौरा कमल यादव, निवाड़ीखुर्द आशाराम राठौर, इंद्रापुर देनेंद्र मिश्रा ,शेरपुर संत कुमार दोहरे, करवा बुजुर्ग हाकिम सिंह दोहरे सहित कई प्रधान बीडीसी आदि शामिल हुए। रामकुमार त्रिपाठी ,हरनाथ सिंह कुशवाहा ,पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया एवं मीनाक्षी चौहान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रविंद्र दुबे ,गोविंद त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष बकेवर सुशील राजपूत, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अबधेश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष अनुज कुमार, जिला महामंत्री ममता कुशवाहा, पूर्व चेयरमैन सौरभ दीक्षित, सूर्यप्रकाश त्रिपाठी, सोमहरी अवस्थी, प्रशांत तिवारी मण्डल महामंत्री तेजप्रताप सिंह राठौड़, भाजपा नेत्री पुष्पा परिहार आदि मौजूद थे।

# पीएम सूर्य घर योजना में 600 लोगों का पंजीकरण

संवाददाता महेवा, इटावा

● योजना के तहत अनुदान देकर छत पर लगाए जाएंगे सोलर पैनल

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के कस्बा एवं ग्रामीण अंचलों में पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिए डाकघर में पंजीकरण किए जा रहे हैं। अब तक महेवा के उपडाकघर पर करीब 600 लोग पंजीकरण करवा चुके हैं। इस योजना के तहत बिजली की खपत कम करने के लिए सोलर पैनल लगाने में लाभार्थी को अनुदान दिया जाएगा। बिजली की खपत कम करने व सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफ से पीएम सूर्य घर योजना चल रही है। पोस्टमास्टर राम बहादुर ने बताया कि इसके लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय की तरफ से डाकघर में पंजीकरण शुरू किए गए हैं ।इसमें पंजीकरण कराने के लिए आवेदकों को बिजली का बिल आधार व मोबाइल नंबर देना होता है। इसके साथ ही पंजीकरण करने वाले आवेदकों को अपनी पूरी जानकारी देनी होती है। जो मोबाइल नंबर पंजीकरण फार्म में दर्ज होगा। उस पर ओटीपी आएगा ओटीपी आपको डाकघर कर्मी को देना होगा इसके बाद आपका पंजीकरण हो जाएगा। पंजीकरण होने के बाद वह डाटा ऊर्जा मंत्रालय के पास भेजा जाएगा वहां से मंजूरी मिलने के बाद लोगों को सोलर पैनल लगाने के लिए अनुदान मिल सकेगा। योजना के तहत घरों में अनुदान पर छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे, 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। पंजीकरण सभी डाक घरों में हो रहे हैं।

## तमंचा लहराने वाला युवक पकड़ा साथी की तलाश

**इटावा।** साथी के साथ तमंचा लहराने वाले युवक का वीडियो वायरल होना कार्रवाई का सबब बन गया।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसके तहत थाना सैफई क्षेत्र में थाना जसवंतनगर के गांव नगला नरिया में रहने वाले विपिन कुमार के 22 साल के बेटे मंजीत कुमार का साथी सचिन मौर्या के साथ तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ। थाना प्रभारी सैफई बलराम मिश्र को कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। सूचना पर पुलिस मीडिया सेल प्रभारी यशोदा रानी के साथ पुलिस की दो टीमें बनाकर घेराबंदी मंजीत को तमंचा कारतूस सहित पकड़ लिया गया, जबकि साथी सचिन की तलाश की जा रही है।

# गौरैया को संरक्षण की दरकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा





नमामि गंगे के परियोजना अधिकारी संजीव चौहान ने किया संबोधित। अमृत विचार

● गौरैया दिवस पर वन विभाग व गंगा समिति ने कराया कार्यक्रम

**अमृत विचार।** विश्व गौरैया दिवस पर सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति इटावा के तत्वाधान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजा का बाग एवं नगर वन इटावा में छात्र छात्राओ व ग्रामीणों के बीच जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सुल्तान उमर खान वारसी ने कहा कि गौरैया चिड़िया घरों से तो विलुप्त होती जा रही है और गांव में भी इसके घरौंदे अपेक्षाकृत कम ही हैं हमें घरेलू चिड़िया को बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। वन क्षेत्राधिकारी बढ़पुरा अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि गौरैया को वापस बुलाने के लिए घर की छत पर दाना, पानी रखें और घर के आस-पास पेड़-पौधे लगाएं। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजीव चौहान ने कहा कि गौरेया के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना ही हमारा उद्देश्य है इस साल गौरेया दिवस की थीम आई लव स्पैरो है। जब हम सब अपनी छतों पर अनाज सुखाते थे जिससे इन्हें भोजन प्राप्त हो जाता था फसलों में पाए जाने वाले कीड़े मकोड़ों को गौरैया खाकर हमारे अनाज को नुकसान से बचाती थी। उप क्षेत्रीय वन अधिकारी शिव प्रसाद ने बताया कि गौरैया की आवाज़ बहुत सुंदर होती है और उनकी चहचहाहट और गायन हर जगह सुना जा सकता है। अरुण कुमार ने कहा कि गौरैया बचाने संदेश देना है एकमात्र लक्ष्य नही है सबसे महत्वपूर्ण है कि अपने आस पास पाए जाने वाले सभी जीव जंतुओं के प्रति संवेदनशील बने। शरद, वासिफा तबस्सुम, नीतू यादव, ज्योति वर्मा,सुनील कुमार, रविंद्र मिश्रा, जयशंकर, आवेस कुमार, धर्मेंद्र व अनुज तिवारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### परशुराम सेवा समिति की जिला कार्यकारिणी भंग

**इकदिल, इटावा।** परशुराम सेवा समिति की जिला कार्यकारिणी भंग कर दी गयी है। प्रदेश अध्यक्ष डा .सुशील सम्राट एवं महामंत्री जयशिव मिश्रा ने बताया कि इटावा जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग करने के बाद अब शीघ्र ही सदस्यता अभियान शुरू किया जायेगा। उसके बाद जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जायेगा। नई जिला कार्यकारिणी में सक्रिय व लगनशील लोगों को ही पद दिये जाएंगे।

### एमएलसी प्रांशुदत्त को मिली एक्स श्रेणी की सुरक्षा

**इटावा।** सपा का गढ़ माने जाने वाले इटावा फर्रुखाबाद क्षेत्र की एमएलसी सीट पर फतह हासिल करने के बाद क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और जनता के बीच सतत संपर्क करते आ रहे भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी को प्रदेश शासन द्वारा एक्स श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। उनके समर्थकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। इटावा में उनसे जुड़े सहयोगी और समर्थकों में डॉ. जयेंद्र मिश्रा, प्रभाकर तिवारी एडवोकेट, व्यापारी नेता अनंत अग्रवाल, नीरज तिवारी महिंद्रा, शैलेंद्र कुमार वर्मा एडवोकेट, शिवेंद्र मिश्रा ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

### फरार आरोपी के घर चस्पा किया कुर्की का नोटिस

**जसवंतनगर, इटावा।** एसआई संजय सिंह ने बताया कि बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा में रहने वाले फरार आरोपी मुन्नालाल के घर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। पुलिस ने गांव में मुनादी कराकर आरोपी को एक महीने में पुलिस या फिर कोर्ट में समर्पण करने का समय दिया है, समर्पण न करने की स्थिति में कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम से की रास्ते को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**जसवंतनगर, इटावा।** फुलरई के प्रधान ने एसडीएम से गांव के आम रास्ते को कब्जा मुक्त कराये जाने की मांग की है। प्रधान वीर सिंह ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत फुलरई में पूर्व से पुराना खरंजा बना है खरंजे की मरम्मत के लिए इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य पूरन सिंह के घर से रामसुन्दर के घर तक प्रस्तावित है, लेकिन गांव के ही कुछ लोगों ने जबरदस्ती रास्ते की मोड़ पर कब्जा कर ट्रैक्टर आदि का सामान रखकर रास्ते का एक भाग बन्द कर दिया है जिसे खुलवाए जाने की मांग उन्होंने एसडीएम कुमार सत्यम जीत से की है।

### निजी बसों का संचालन शुरू कराने की मांग

**बकेवर, इटावा।** लखना, सिन्डौस, भरथना, विधूना, ऊसराहार मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बसों का संचालन तीन बर्षों से बंद है। प्राइवेट यूनियन का गठन करके बसों का संचालन कराने की मांग की गई है। लखना, भरथना, ऊसराहार, विधूना, सिंडौस तक लखना, बकेवर, भरथना, ऊसराहार, विधूना के 40 परमिट धारकों की बसों का संचालन सुबह से लेकर रात तक चलता था। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होती थी। इसके रोड पर मोटर मालिकों व यूनियन की शिकायत पर परिवहन विभाग ने कोई ऑटो का संचालन भी नहीं होने दिया। यूनियन अध्यक्ष बनने को लेकर छिड़ी रार के चलते बसों का संचालन ही बंद हो गया।

### कार से स्टंट करना पड़ा महंगा, चालान किया

**इटावा।** शहर में यमुना नदी किनारे राजा सुमेर सिंह किला पर लक्जरी कार से दो युवाओं द्वारा स्टंट करते हुए वीडियो वायरल करना महंगा पड़ गया। प्रदेश सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च करके राजा सुमेर सिंह किला को वीवीआईपी गेस्ट हाउस तथा पर्यटक स्थल बना दिया है। पहाड़ों की भांति सड़क पर लक्जरी कार से युवा स्टंट करने से बाज नहीं आते हैं। इसके चलते हुए दो युवाओं ने लक्जरी कार से स्टंट करते हुए वीडियो बनाया और उसे किसी ने वायरल कर दिया। एसएसपी संजय वर्मा के संज्ञान में मामला आने पर उनके निर्देश पर यातायात प्रभारी ने वीडियो को साक्ष्य बनाकर लक्जरी कार के स्वामी के पास 10 हजार 500 रूपये का चालान बनाया।

### सर्वेश जोशी बने यूथ बिग्रेड के जिला उपाध्यक्ष

**इटावा।** समाजवादी के पुराने युवा कार्यकर्ता एवं व्यापारी नेता सर्वेश जोशी को समाजवादी पार्टी के हितों में किये गये कार्यो को देखते हुये मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह ने जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव एवं सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने सर्वेश जोशी को नियुक्त पत्र प्रदान कर फूल माला पहनाकर सम्मान किया। बधाई देने वालो में जिला महामंत्री वीरू भदौरिया, सर्वेश शाक्य, बृजेन्द्र यादव, आशीष राजपूत, अनवार हुसैन, अब्दुल अंसारी, विक्की गुप्ता आदि ने स्वागत किया।

**अभियान** | यूपीयूएमएस में मनाया वर्ल्ड हेडइंजरी अवेयरनेस-डे, कुलपति ने जागरुकता रैली को दिखाई हरी झंडी

# सिर पर लगी चोट की अनदेखी पड़ सकती है भारी

संवाददाता सैफई, इटावा



रैली को हरी झंडी दिखाते कुलपति डा. प्रभात कुमार सिंह । अमृत विचार

**अमृत विचार।** वर्ल्ड हेड इंजरी अवेयरनेस-डे के अवसर पर यूपीयूएमएस सैंफई में कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके पर पर आयोजित संगोष्ठी में कुलपति डॉ प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि सिर की चोट की अनदेखी आपके स्वास्थ्य के लिए पड़ सकती है। सिर में में किसी भी कारण से हल्की या गंभीर चोट लगने से तंत्रिका तंत्र और मस्तिष्क की बड़ी क्षति का कारण बन सकती है।जिससे कई बार स्थाई या अस्थाई विकलांगता या मृत्यु का कारण भी बन जाता है। इसीलिए सिर पर चोट यदि लगे तो तत्काल सही जांच और इलाज बहुत जरूरी है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एम्स व जेपीएनएटीसी नई दिल्ली प्रो. डॉ. दिनेश बगड़िया ने मरीज के सिर में चोट होने पर चिकित्सिय प्रबंधन के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी दी। आईएमए अध्यक्ष व एल्यूमीन फैकेल्टी से डॉ डीके सिंह ने छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट जरूर पहनें।

### समय पर इलाज से बच सकती हैं कई जानें

चिकित्सा अधीक्षक एवं जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ एसपी सिंह ने बताया कि हेड इंजरी से नुकसान, हादसे की प्रकृति यानि माइल्ड (हल्के) और सिवियर (गंभीर) पर निर्भर करता है। हादसा पीड़ित अलग-अलग व्यक्तियों पर निर्भर करता है। लेकिन किसी भी स्थिति में हेड इंजरी के बाद समय पर जांच व उपचार जरूरी है। हेड इंजूरी के केस में गोल्डन पीरियड में मेडिकल सुविधा मिल जाने के कारण मरीज की जान बच सकती है। इसके लिए जरूरी है कि संबंधित अस्पताल में एक्स-रे, सीटी स्कैन या एमआरआई सहित अन्य जांच व उपचार की सुविधा मरीज को मिले। समय पर इलाज मिल जाने से पीड़ित व्यक्ति को डॉक्टरों की ओर से बर्फ लगाना, टांके लगाना सहित अन्य विकल्प के माध्यम से जान को बचा सकते हैं।

## जीएनएम में पारुल प्रथम और दूसरे स्थान पर अंशिका

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस इटावा के अंतर्गत संचालित सर मदनलाल इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में अध्ययनरत जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर से अपने शानदार परीक्षा परिणाम से जिले में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। नर्सिंग के डायरेक्टर डॉ.शशि शेखर त्रिपाठी एवं संस्था के डायरेक्टर डा उमा शंकर शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा घोषित जीएनएम के प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्रथम वर्ष में पारुल तिवारी ने प्रथम, अंशिका कश्यप ने द्वितीय, कंचन ने तृतीय एवं नेहा यादव चतुर्थ, खुशी यादव ने पंचम प्राप्त किया है। इसमें राखी, माला एवम अन्य छात्रों ने भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया है।

# मिलावटखोरों के विरुद्ध विभाग हुआ सख्त, चला रहा अभियान

## ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार होने लगीं मिठाइयां, होली में खोवा की मांग बढ़ने से बढ़ी सक्रियता

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**



मिठाई की दुकान में सजी मिठाइयां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली का त्योहार आने वाला है और खोवा की मांग बढ़नी शुरू हो गई है। घरों में गुझिया के साथ कई अन्य मिठाई भी बनाई जाती हैं। इसलिए दूध, पनीर में मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। लेकिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने भी सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। मिलावट खोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई विभाग करेगा। विभाग की तरफ से तहसील स्तरीय टीमों का गठन किया है।

होली का त्योहार नजदीक आते ही मिलावट खोर सक्रिय हो गए हैं। शहर के सुभाष चौक व अन्य जगहों पर स्थित मिठाई की दुकानों पर खूब मिठाइयां बन रही है और खोवा की मांग बढ़ रही है। पूरे जिले में अभी से रंगबिरंगी मिठाई बनना शुरू हो गई हैं। वहीं दुकानदार सस्ते और मिलावटी रंग मिलाकर लोगों के साथ खिलवाड़ करते हैं। विभाग के अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि ग्रामीण इलाकों में जमकर मिलावट खोरों ने दूध से बने उत्पादों में मिलावट कर रहे है और लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे है। सहायक आयुक्त अंबादत्त पांडेय का कहना है कि इसमें टीम लगा दी गई हैं। जल्द ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

विदित हो कि गत माह पानी की बोतल में नैनो प्लास्टिक के कण पाए जाने की शिकायत पर विभाग की टीम ने एजेंसियों पर छापामारी की थी। इस दौरान अलग-अलग एजेंसियों से पानी के दो नमूने लिए गए। यह कार्यवाई कोलंबिया में हुई एक रिसर्च में एक लीटर पानी की बोतल में लाखों नैनो प्लास्टिक के कड़ मिलने की सूचना पर जिले में हुई थी। इसके बाद लखनऊ के एक अधिवक्ता ने आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ को शिकायत की थी। आयुक्त के निर्देश पर विभाग की टीम गत सप्ताह दिबियापुर स्थित एक लोकप्रिय ब्रांड की एजेंसी पर पहुंची। वहां से जांच के लिए अधिकारियों ने पानी के दो नमूने लिए हैं। और जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अंबादत्त पांडेय ने बताया कि जिले में 12 से अधिक पानी के अलग-अलग ब्रांड की एजेंसियां हैं। अधिकारी सभी जगहों पर जाकर कर नमूना लेंगे और उसे जांच के लिए भेजा जाएगा।

## हिस्ट्रीशीटर गांजा तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फफूंद, औरैया।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक चारु निगम के दिशा निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी अजीतमल के कुशल नेतृत्व में जनपद में चलाए जा रहे।

अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए व लोकसभा चुनाव 2024 को संपन्न कराने के लिए शासन के दिशा निर्देशों के तहत कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष गंगादास गौतम थाना फफूंद के कुशल नेतृत्व में रात्रि गश्त पर थे तथा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पाता रोड फक्कड़पुर के पास हिस्ट्रीशीटर गांजा तस्कर आरिफ पुत्र अनिल निवासी मुहल्ला मेवातियान थाना फफूंद को दौड़कर दबोच लिया। जिसके कब्जे से एक 315 बोर तमंचा व दो जिंदा कारतूस व एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी गंगा दास गौतम ने बताया है पकड़े गये आरोपी पर कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

## हत्याकांड में निरुद्ध को नहीं मिली जमानत

**कार्यालय संवाददाता,औरैया**

- शहर के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में चार साल से जेल में बंद हैं आरोपी
- गैंगस्टर मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत खारिज होने पर दोबारा हाईकोर्ट गए थे



**अमृत विचार।** शहर के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में चार वर्ष से जेल में निरुद्ध पूर्व एमएलसी कमलेश पाठक की गैंगस्टर मामले में जमानत याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय से दूसरी बार भी खारिज हो गई है।

गौर तलब है कि 15 मार्च 2020 को शहर के मोहल्ला नरायनपुर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में अधिवक्ता मंजुल चौबे व उसकी चचेरी बहन सुधा की गोली लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनों की हत्या में पूर्व एमएलसी कमलेश पाठक उनके दो भाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख संतोष पाठक, रामू पाठक समेत 11 लोगों को हत्यारोपी बनाकर उनके विरूद्ध चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। दोहरे हत्याकांड को लेकर पुलिस ने 11 जुलाई 2020 को कमलेश पाठक के खिलाफ गैंगस्टर का भी मामला दर्ज कर उन्हें जेल में निरूद्ध कर दिया। इन दोनों मुकदमों की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एमपीएमएलए कोर्ट में हो रहा है। कमलेश पाठक को हाईकोर्ट से दर्ज हत्या व जानलेवा हमले के मामलों में 13 अप्रैल 2022 को जमानत याचिका स्वीकृत हो गई थी, लेकिन गैंगस्टर के मामले में उन्हें सत्र न्यायालय से जमानत हासिल नहीं हुई।

सत्र न्यायालय के अदेश के विरुद्ध कमलेश पाठक ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उन्हें यहां से भी सफलता हासिल नहीं हुई और 23 फरवरी 2023 को हाईकोर्ट ने गैंगस्टर मामले में दायर जमानत याचिका खारिज कर दी।

वह हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट गये, लेकिन यहां भी उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी और आठ मई 2023 को सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज कर दी। इस दौरान यह रियात कमलेश पाठक को दी गई कि वह एक वर्ष के बाद हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी आदेश को लेकर कमलेश पाठक ने दोबारा जमानत याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रस्तुत की। तथा यह तथ्य प्रस्तुत किया कि सत्र न्यायालय अभियोजन ने कुल 16 में से छह की गवाही अभी तक करवाई है। अतः मुकदमा निस्तारण होने तक उन्हें जमानत दे दी जाए। वहीं उनके विपक्षी अधिवक्ता ने कमलेश पाठक के विरुद्ध थाने में दर्ज कुल 37 आपराधिक मामलों का ब्योरा प्रस्तुत कर जमानत का विरोध किया।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने अभियोजन व बचाव पक्ष के वकीलों को सुनने के बाद कमलेश पाठक की जमानत याचिका खारिज कर दी। सत्र न्यायालय में अभियोजन की ओर से मुकदमा लड़ रहे हृदय नरायन पांडेय, रमेश चंद्र मिश्रा व अंकुर अवस्थी ने हाईकोर्ट के आदेश का अवलोकन कराते हुए इसे अभियोजन के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## कोर्ट ने जेल में बिताई सजा और अर्थदंड से किया दंडित

**संवाददाता, बिधूना, औरैया**

- अवैध असलहा रखने का पाया गया दोषी

**अमृत विचार।** जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक चारु निगम द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

एएसपी दिंगबर कुशवाहा के नेतृत्व में थाना बिधूना व मानीटरिंग व पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते अवैध असलहा रखने के आरोप में आरोपी को न्यायालय औरैया द्वारा जेल में बिताई गई अवधि का कारावास व 2,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। बीते डेढ़ दशक पूर्व 21 मार्च 2009 को अवैध असलहा रखने के आरोप में बिधूना में धारा 25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत मोहम्मद फरकान पुत्र मो. इरफान निवासी कुदरकोट के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसके संबंध में पुलिस व शासकीय अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जा रही थी। बुधवार को न्यायालय सिविल जज जूनियर डीविजन/जे.एम बिधूना द्वारा आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि का कारावास व 2,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। दंडित कराने में अभियोजन अधिकारी अनूप सरोज व न्यायालय पैरोकार आरक्षी योगेश पाल का विशेष योगदान रहा।

## भागवत कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

**संवाददाता, फफूंद, औरैया**



कथा सुनाते आचार्य सुदीप कृष्ण।

**अमृत विचार।** भाग्यनगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवे दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा वाचक आचार्य पं. सुदीप कृष्ण देव ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है। लेकिन, वह भगवान को पराजित नहीं कर पाया, उसे ही परास्त होना पड़ा है। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है, तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है।

भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है।श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया।भागवत कथा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कथा सुनने पहुंचे। इस मौके पर परीक्षित यशवंत सिंह रामरानी देवी आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

## पुण्यतिथि पर बांटी खाद्य सामग्री

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** जायंट्स ग्रुप ऑफ राइजिंग क्वीन्स की अध्यक्षता में बुधवार को सपना गुप्ता ने अपनी मां मीरा देवी गुप्ता की सातवीं पुण्यतिथि पर औरैया स्थित आनेपुर वृद्धाश्रम पर जाकर उन बुर्जुगों के साथ मनाई जो उस आश्रम में रहते है। उनको खाद्य सामग्री बिस्किट नमकीन, केला, संतरा वितरित कर बुजुर्गो का आर्शीवाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर सपना शर्मा, नीता जैन, शालिनी पोरवाल, संजू जैन, किमी, नंदिनी, ज्योत्सना प्रधान आदि मौजूद रही। दो मिनट का मौन धारण कर मां की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## वीरांगना की पुण्यतिथि मनाकर किया नमन

**औरैया।** 1857 की अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई की पुण्यतिथि को सादगी पूर्वक मनाया गया, उन्हें पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर वीरांगना अवंती बाई समिति के प्रबंधक अनिल राजपूत प्रदेश सचिव अखिल भारतीय लोधी राजपूत महासभा प्रदेश ने कहा देश को आजादी दिलाने में स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम महिला ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष कर उन्हें चटाई थी। अंग्रेजों के खिलाफ वीरांगना ने 11 बार लड़ाइयां लड़ी, लेकिन पूर्व सरकारों ने उनका नाम इतिहास के पन्नों से हटाया, जबकि इंग्लिश पुस्तक यू विलस में अंग्रेजों ने रानी की तारीफ की कहा देश के खातिर जान निछावर करने वाली वीरांगना ने समझौता न कर देश की खातिर बलिदान हुई।

## युवक ने फांसी लगाई, हुई मौत

**संवाददाता, बेला, औरैया**



विजय कुमार।



घटनास्थल के बाहर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना बेला क्षेत्र के कस्बा याकूबपुर में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक विजय कुमार उर्फ बल्लू अपने पत्नी के मायके से वापस न आने के कारण था परेशान पत्नी करीब एक साल पहले से ही मायके में रह रही थी। पति-पत्नी का आपसी विवाद भी चल रहा है। इसी के चलते बुधवार की शाम घर की छत की ड्रिल के सहारे दूसरी मंजिल पर गले मे फंदा लगाकर विजय कुमार उर्फ बल्लू ने आत्महत्या कर ली। बल्लू की शादी 3 साल पहले ग्राम भोलापुर जिला कानपुर देहात निवासी रंजना से हुई थी। जानकारी के अनुसार पत्नी 1 वर्ष से अपने मायके रह रही थी। विवाद के चलते इन लोगो का रसूलाबाद थाने में मुकदमा भी पंजिकृत है। मौके पर पहुँचे बिधूना क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार ने बताया की मृतक अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करता था जो कि छह माह पूर्व ही अपने घर याकूबपुर आया था। मृतक बल्लू का पूर्व में नशामुक्ति केंद्र में इलाज भी हो चुका है।

## बेंगलुरु में मजदूरी करने गया युवक कमरे में मिला अचेत

**संवाददाता, फफूंद, औरैया,**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव ककरैया से एक युवक मजदूरी करने बेंगलुरु गया हुआ था। वहीं, पर साथियों के साथ में शराब पीकर कमरे में सो गया। रात्रि में जब खाना खाने के लिए साथी बुलाने गये तो कमरे में अचेत अवस्था में पड़ा था। साथी अस्पताल लेकर गये। जहां पर डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव को घर भेजा। शव घर आते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक की पत्नी ने साथिय मजदूरों पर हत्या का अंदेशा जताते हुये आरोप लगाया है। गांव ककरैया निवासी नाथूराम का 28 वर्षीय पुत्र राजू राजमिस्त्री (घर बनाने) काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। दो माह पूर्व पड़ोस के गांव लहोखर निवासी नवनीत व शिव कुमार के साथ मे बेंगलुरु में स्थित केरमपूरा पारक चला गया। जहां पर बिल्डिंग बनाने लगा विगत 16 मार्च दिन शनिवार को छुट्टी थी। राजू ने घर में पत्नी नीतू से एक हजार रुपये फोन पर पड़वाये। जिसके बाद में साथियों के साथ में शराब पी और कमरे में जाकर सो गया। रात्रि लगभग 10-11 बजे साथी खाना के लिए जब राजू के कमरे में पहुंचे तो वह अचेत अवस्था में पड़ा था। साथी मजदूर उसको लेकर अस्पताल में गये जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथियों ने पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो मातम पसर गया।

## प्रिंस को पुलिस, तनुज को आर्मी में नियुक्ति

**औरैया।** जनपद के हीरानगर निवासी स्वर्गीय धीरेंद्र सिंह का परिवार लगातार सरकारी सेवाओं में सफलता प्राप्त कर रहा है। जिससे परिवार का नाम जनपद के साथ ही देश व प्रदेश में हो रहा है। आपको बताते चलें कि तनुज कुमार यादव पुत्र मनोज कुमार उर्फ सप्पू पौत्र स्वर्गीय धीरेंद्र सिंह यादव निवासी हीरानगर कंचौसी औरैया की आर्मी में जॉइनिंग हुई है, और ट्रेनिंग के लिए उत्तराखंड प्रदेश कैडर मिला है। इससे पहले तनुज के बड़े भाई प्रिंस उर्फ सनी का चयन दिल्ली पुलिस में हुआ था। दोनों भाइयों का चयन 10 दिन की अंतराल में हुआ है। ऐसे में बधाई संदेश देने वालों का तांता लगा है। बधाई निवर्तमान सांसद रामशंकर कठेरिया, राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य आदि ने बधाई दी है।

## ट्रेन से कटने आई महिला को राहगीरों ने बचाया

**संवाददाता, अछल्दा, औरैया**



महिला को समझाती महिला आरक्षी।

**अमृत विचार।** कस्बा निवासी महिला पति से मोबाइल के विवाद के चलते बुधवार सुबह ट्रेन से कटने के लिए रेलवे स्टेशन के पास पहुंच गई। मौके पर खड़े राहगीरों ने महिला को बचाया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने महिला को समझाया। जिसके बाद उसे घर भेजा गया। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि पत्नी से मोबाइल की लेकर विवाद हो गया था। वह सुबह मायके जाने की कहकर घर से निकली थी। महिला रेलवे स्टेशन पर कटने के लिए पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक बुधवार गीता पत्नी प्रदीप निवासी सेऊपुर थाना फफूंद रोते हुए ट्रैक पर आकर रेलवे ट्रैक पर लेट गयी राहगीरों ने महिला को ट्रैक पर देखते ही पकड़ लिया। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई।। सूचना पर पहुंची महिला कांस्टेबल उसे थाने ले आयी। थाना इंचार्ज रवि श्रीवास्तव ने बताया कि पत्नी को समझाकर ससुरालीजनों के साथ घर भेज दिया।

**निर्देश** — निर्वाचन अधिकारी बोलीं, बिना अनुमति के रैली, जुलूस निकालने पर पाबंदी

# आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 अनुसार जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

वर्तमान में रमजान माह, बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन का कार्य एवं होली का पर्व, रमजान माह, चौत्र नवरात्रि आदि विशेष पर्व मनाए जाने के दृष्टिगत जनपद में लोक व्यवस्था जन सुरक्षा बनाए रखना अति आवश्यक है। जनपद में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु धारा-144 लागू कर दी गई है।

कहा कि इस धारा के प्रभावी होने के कारण किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा। कोई भी रैली, जुलूस, आम सभा उप जिला मजिस्ट्रेट औरैया, बिधूना, अजीतमल की अनुमति के बिना आयोजित नहीं करेगा। केवल शव यात्राएं इस प्रतिबंध से मुक्त रहेगी। कोई भी व्यक्ति रेल अथवा सड़क यातायात के संरक्षण में बाधा उत्पन्न एवं रोड जाम नहीं करेगा। जनपद में कोई भी ड्रोन कैमरा का प्रयोग सक्षम अधिकारी अनुमति प्राप्त किये बिना नहीं करेगा।

## लंबित खाद्य लाइसेंस शीघ्रता से जारी करें: नेहा प्रकाश

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**



बैठक के दौरान निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

- डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी की बैठक

**अमृत विचार।** डीएम नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आबकारी विभाग से सम्बन्धित दुकानों के लम्बित खाद्य लाइसेन्सों के सम्बन्ध में जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह शीघ्रातिशीघ्र लम्बित शेष 30 दुकानों को खाद्य लाइसेन्स से आच्छादित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को भी निर्देशित किया कि वह अपने विभाग द्वारा संचालित उचित दर की दुकानों को खाद्य लाइसेन्स से 100 प्रतिशत आच्छादित कराना सुनिश्चित करें।

डीएम नेहा प्रकाश ने उद्यान विभाग द्वारा जनपद में संचालित शीतगृहों को शत प्रतिशत खाद्य लाइसेन्स से आच्छादित कराये जाने पर उद्यान निरीक्षक, औरैया की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी से बाल पुष्टाहार के नमूनें मानक के अनुरूप न पाये जाने पर की गयी कार्यवाही का ब्यौरा प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि वह बाल पुष्टाहार के अन्तर्गत वितरित की जाने वाली खाद्य सामग्री की पुनः जॉच करायें। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा न्यायिक न्यायालय में लम्बित मुकदमों के निस्तारण में हो रही देरी पर अंसतोष व्यक्त किया एवं निर्देशित किया कि लम्बित मुकदमों की सूची मॉनिटरिंग सेल की बैठक में प्रस्तुत की जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि ब्लड बैंक हेतु आवश्यक स्टॉफ की नियुक्ति तत्काल कराते हुए ब्लड बैंक को चालू करायें। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी देवमणि मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. देव नारायण, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसके श्रीवास्तव, औषधि निरीक्षक ज्योत्सना आनन्द आदि मौजूद रहे।

## बूथों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था, कमियां दूर होंगी

- लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, तैयारियां तेज

**औरैया।** जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद स्टाफ को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।

निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम ने प्राथमिक विद्यालय ककोर बुजुर्ग के एक बूथ, पूर्व माध्यमिक विद्यालय ककोर बुजुर्ग के एक बूथ, उच्च प्राथमिक विद्यालय (कम्पोजिट) नगला जय सिंह के दो बूथ, प्राथमिक विद्यालय पुर्वा समाधान के एक बूथ, सामुदायिक केंद्र गैल बिहार के एक बूथ, वैदिक टेक्निकल एवं औद्योगिक इंटर कॉलेज दिबियापुर के पांच बूथ, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दिबियापुर के दो बूथ, पूर्व माध्यमिक विद्यालय दिबियापुर के पांच बूथ, विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर के पांच बूथों में सभी मूलभूत व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने उपस्थित प्रबंधक व प्रधानाचार्य से पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, रैम्प ,फर्नीचर, आवागमन के रास्ते सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की साथ ही बूथों पर नाम, संख्या, बीएलओ सहित अन्य लेखन कार्यपूर्ण करने के साथ-साथ आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान के समय किसी प्रकार की कोई समस्या मतदाताओं व मतदान कर्मियों को न हो इसके लिए सभी आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाये। अधिकारियों ने कहा कि आधार भूत व्यवस्थाओं की पर्याप्त उपलब्धता होने से आने वालों को छाया, पीने के लिए पानी, बैठने एवं शौचालय आदि की सुविधा प्राप्त होती है तो ऐसी परिस्थिति में किसी प्रकार की अव्यवस्था होने की स्थिति नहीं रहती है।

## शस्त्र जमा नहीं करने पर होगी कार्रवाई

**औरैया।** आदर्श आचार संहिता लागू होने से लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था कायम रखने तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए धारा 144 के तहत सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को निर्देश दिए जाते हैं।

लाइसेंस धारक अपने-अपने लाइसेंसी हथियार अपने नजदीकी पुलिस थाना में या लाइसेंस डीलर के पास जमा करवाकर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने में सहभागी बने और सभ्य नागरिक होने का परिचय दें। वहीं थाना प्रभारी गंगादास गौतम ने कहा है। कि लाइसेंसी हथियार जमा न कराने वाले लाइसेंस धारक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लाइसेंस धारक अपना हथियार किसी भी समय स्थानीय पुलिस थाने में या लाइसेंस डीलर के पास जमा करवा सकते है। इस संदर्भ में प्रत्येक थाना प्रभारी को आदेश जारी किए जा चुके है तथा थाना में अलग से पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटियां भी लगाई गई है।

